हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025




# आज से सावन का आगाजः चार सोमवार बनाएंगे खास, निकलेगी बाबा की सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**शिवभक्ति के महीने की आज से शुरूआत, 11 अगस्त को समापन, शिव मंदिरों में विशेष तैयारियां**

बदलते समय चक्र के साथ ही शुक्रवार 11 जुलाई से भगवान शिव की भक्ति का महीना सावन प्रारंभ हो रहा है। इस माह जहां झमाझम बारिश से पूरा वातावरण हरियालीमय होगा। वहीं त्यौहारों का क्रम लगातार बना रहेगा। पूरे माह श्रद्धाभक्ति, उत्साह और खुशियों भरा होगा।

सावन माह को लेकर लोगों में हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभक्ति का माहौल बना हुआ है। अंचल के शिवालयों में विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना एवं अभिषेक करने की व्यापक तैयारियां की गई है। दूसरी ओर इस महीने लगातार पर्वों के चलते लोगों की व्यस्तता बनी रहेगी। पंचाग के अनुसार इस वर्ष सावन माह में चार सोमवार के योग हैं। जिसमें 14 जुलाई, 21 जुलाई, 28 जुलाई एवं 4 अगस्त को सोमवार पड़ेंगे। इस दौरान भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक सहित विविध धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। शहर के मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, मोतीनाथ मंदिर, शिवमंदिर भरकापारा, मोहारा शिवनाथ नदी तट स्थित शिव मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री बागेश्वर धाम, मिलचाल शिव मंदिर, शंकरपुर शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी। वहीं ओम नमःशिवाय की गूंज रहेगी।

### निकलेगी कांवड यात्रा

इस मौके पर बड़ी संख्या में कांवड यात्रा निकालकर शिवनाथ नदी से जल लेकर भगवान शिव का अभिषेक करेंगे। बाजार में सावन माह को देखते हुए रेडीमेड कांवड, भगवा वस्त्र इत्यादी की दुकानें सजी हुई है। व्यवसायियों के मुताबिक कांवडियों के लिए टी-शर्ट व चड्डा 250 रुपए, कुर्ता 200 से 250 रुपए, लोटा प्लास्टिक का 50 से 80 रुपए जोड़ा, ध्यव-पताका इत्यादी उपलब्ध है। श्री बागेश्वर धाम में प्रथम सोमवार हरित कांवड यात्रा, द्वितीय सोमवार सिंदूर तिरंगा यात्रा, तृतीय सोमवार श्रीराम हनुमान कांवड यात्रा, चतुर्थ सोमवार गौसेवा प्रेरणा कांवड यात्रा निकाली जाएगी।



### उज्जैन की तर्ज पर महाकाल की 12 पालकी

महाकाल भक्तों द्वारा शहर में उज्जैन की तर्ज पर महाकाल की पालकी प्रथम यात्रा 14 जुलाई से प्रारंभ होगी, जो नंदई हाट बाजार, नंदई चौक, इंदिरानगर चौक, बांसपाईपारा चौक, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन गोलबाजार लक्ष्मी मंदिर हमालपारा में विश्राम, द्वितीया यात्रा 21 जुलाई को प्रारंभ क्लब चौक बसंतपुर, महामाया चौक, गांधी नगर-महेश नगर, कमला कॉलेज चौक, रेस्ट हाउस मार्ग, प्रभात नगर, लालबाग सिंधु भवन में विश्राम, तृतीय यात्रा प्रारंभ 28 जुलाई को ढाबा, शांतिनगर, चिखली, स्टेशनपारा, गौरीनगर विश्राम, चतुर्थ यात्रा 4 अगस्त को शाही पालकी यात्रा सिद्धपीठ मां शीतला माता मंदिर,


⏩ शेष पेज 14 पर


### त्यौहारों का होगा क्रम

पूरे सावन माह में भक्ति का माहौल रहेगा। इस माह त्यौहारों का भी क्रम होगा। जिसमें 16 जुलाई को कर्क संक्राति, 17 जुलाई कालाष्टमी, 22 जुलाई भौम प्रदोष व्रत, 23 जुलाई सावन शिवरात्रि, 24 जुलाई हरियाली अमावस्या, 27 जुलाई हरियाली तीज, 9 अगस्त को भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन होगा। लगातार पर्वों को लेकर लोगों में हर्षोल्लास एवं व्यस्तता का माहौल रहेगा। इधर सावन माह में बेहतर बारिश होने की उम्मीद किसानों को है। उनकी व्यस्तता किसानी कार्यों में भी बनी रहेगी। पूरे माह हरियाली एवं खुशियों से भरा होगा।

## नेताओं की ठेकेदारी पर लगेगी रोक, सफाई का स्तर सुधारने प्रयास

# हर पांच सौ परिवार पर होंगे 3 सफाई कर्मी, व्यवस्था संभालेंगे 570 लोग!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले कुछ सालों में पार्षदों की संलिप्तता के चलते विवादों में रहने वाले सफाई ठेके को लेकर अब नया प्लान बना लिया गया है। अब तक हो रहे वार्डवार ठेके की जगह अब तीन से चार पार्ट में बांटकर ठेका दिया जाएगा। आने वाले दिनों में इस नए टेंडर को लेकर निविदा भी जारी कर दी जाएगी। खास बात यह है कि ठेके में अब शहर की आबादी के अनुसार सफाईकर्मियों की संख्या तय होगी। हर पांच सौ परिवार पर तीन सफाई कर्मी रखे जाएंगे। वहीं अब रोजाना कर्मचारियों की गिनती के बाद ही काम पर भेजा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में सफाई ठेका सबसे अधिक चर्चा में रहा है। महिला समूहों की आड़ में नेताओं द्वारा ठेकेदारी करने की लगातार शिकायतें आती रही है। अफसरों पर भी जनप्रतिनिधियों के संलिप्त होने से कार्रवाई ना करने का दबाव होता है। यह नेता ठेके में रोजाना तय से कम कर्मचारियों की तैनाती कर मोटी रकम कमा रहे थे। ऐसे में अब नए टेंडर से पहले निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा ठेके को लेकर कई महत्वपूर्ण बदलाव किए जाने की तैयारी कर ली गई है। सूत्रों के अनुसार इस महीने के अंत से पहले टेंडर की पूरी प्रक्रिया भी शुरू होने की जानकारी मिली है।



### अब तक यह वार्ड ठेके में

शहर के कुल 27 वार्ड में सफाई का जिम्मा ठेके पर दिया गया है। इनमें वार्ड क्रमांक 1, 4, 6, 7, 8, 10, 13, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 32, 33, 35, 39, 40, 41, 42, 44, 46, 47 और 51 शामिल हैं। इनके अलावा हाट बाजार के साथ ही रात्रिकालीन सफाई के लिए भी ठेका दिया गया है। इन 29 ठेके के तहत करीबन 309 कर्मचारियों की तैनाती सफाई करने की गई है। वहीं इन सभी वार्ड में न्यूनतम दर 528 से 530 रुपए तक निर्धारित है। हालांकि नए टेंडर में ठेके वाले वार्डों की संख्या में इजाफा देखने को मिल सकता है।

### पूरा खाका तैयार, मंजूरी मिलते ही शुरूआत

निगम की टीम ने सफाई ठेके के नए पैटर्न को लागू करने से पहले पूरी कसरत कर ली है। नियमित कर्मचारियों की कमी को देखते हुए अब उनके प्रभार वाले वार्ड में कमी कर शेष शहर को तीन से चार पार्ट में बांटा जाएगा, जिन इलाके में ज्यादा आबादी रहती है, वहां अधिक कर्मचारियों की तैनाती होगी। निगम के अफसरों की भी जिम्मेदारी इस नए पैटर्न में तय की जाएगी

### जल्द होगा टेंडर

शहर में सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए जल्द नया टेंडर किया जाएगा। नए टेंडर में अनुपस्थित कर्मचारियों के स्थान पर कर्मचारी उपलब्ध कराने की शर्त रखी जाएगी। जिससे सभी क्षेत्र में रोज बेहतर सफाई हो सकें।

\- **अतुल विश्वकर्मा**, आयुक्त, नगर निगम

### तीन समूहों की आड़ में ठेकेदारी

कागजों पर निगम द्वारा यह 29 सफाई ठेके तीन महिला समूह को दिए गए हैं। जिसमें सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह, भाग्यलक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह और लखोली महिला कृष्णा स्व सहायता समूह शामिल हैं। हालांकि इन तीन समूहों की आड़ में भाजपा और कांग्रेस के निगम से जुड़े नेता ही ठेकेदारी कर रहे हैं। कांग्रेस शासनकाल में जिस फार्मूले के आधार पर ठेके बांटे गए थे, उसी तरह भाजपा सरकार में भी यह नेता आपस में सफाई ठेका बांट रहे हैं। यही कारण है कि इसमें रोक लगाने के लिए अब नए तरीके से टेंडर की तैयारी कर ली गई है।

# हादसों का ब्लैक स्पॉट बन चुके सर्विस लेन का चौड़ीकरण नहीं

**सर्विस लेन से रोजाना हजारों लोग करते हैं आवागमन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के आरके नगर से मेडिकल कॉलेज अस्पताल तक सर्विस लेन को मंजूरी मिलने के बाद अब शहर के दूसरे छोर रायपुर नाका में भी सर्विस लेन के चौड़ीकरण की मांग उठने लगी है। हादसे का ब्लैक स्पॉट बन चुके इस सड़क के चौड़ीकरण नहीं होने से लगातार हादसे में लोगों की जान जा रही है।

उल्लेखनीय है कि राम दरबार चौक एवं उसके आसपास का क्षेत्र वर्तमान में राजनांदगांव का अत्यंत व्यस्त और दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन गया है। यहां दैनिक रूप से ट्रैफिक जाम, वाहन टकराव और दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे नागरिकों को जानमाल की क्षति हो रही है। विशेष रूप से सड़क का जो हिस्सा अभी पार्रीनाला से सत्यानंद आश्रम तक बन रहा है, यदि वही चौड़ाई दोनों ओर आगे तक बढ़ा दी जाए। जिसमें एक ओर गौरीनगर मोड़ तक और दूसरी ओर अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तक किए जाने से दुर्घटनाओं में कमी के साथ ही आवागमन भी बेहतर हो पाएगा। यह काम होने से इस क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार होगा। यह सड़क मुख्य शहर को कई महत्वपूर्ण इलाकों से जोड़ती है और इसका व्यवस्थित व समान चौड़ाई वाला निर्माण हजारों नागरिकों के लिए सुविधा और सुरक्षा का माध्यम बनेगा। यही कारण है कि इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग उठ रही है।

### बड़ी कॉलोनियां, व्यापार भी फैलेगा

सर्विस लेन के दोनों तरफ कई बड़ी कॉलोनियां विकसित हो रही है। इसके साथ ही सर्विस लेन के दोनों तरफ़ व्यापार भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में सर्विस लेन के चौड़ीकरण होने से ना केवल व्यापारिक दृष्टिकोण से फायदा होगा, बल्कि इन सड़कों से रोजाना आने-जाने वाले बच्चे एवं महिलाओं को भी सुविधा मिल पाएगी।

### सर्विस लेन में खड़ी ट्रक कर रही परेशान

सर्विस लेन जहां सकरी होने के कारण लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। वहीं इन सर्विस लेन में खड़ी ट्रक के चलते भी लोगों को दिक्कत हो रही है। आलम यह है कि रोजाना इन सड़कों में दो दर्जन से अधिक ट्रक खड़ी रहती है। यातायात विभाग भी इन खड़ी ट्रक के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### यह मांग उठ रही

राम दरबार चौक से जुड़े मार्गों का स्थल निरीक्षण कराया जाए। सेवा लेन का चौड़ीकरण गौरीनगर मोड़ एवं अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तक किया जाए। भविष्य में सड़क निर्माण की कार्ययोजना में इस प्रस्ताव को तत्काल जोड़ा जाए। लोगों का कहना है कि शहर में प्रवेश करने वाले वाहन सत्यानंद आश्रम तक सर्विस लेने के चौड़ा होने से उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन जैसे ही वे आगे बढ़ेंगे, उन्हें सकरे सर्विस लेन से गुजरना पड़ेगा। जिससे हादसे की आशंका बनी रहेगी।

### लगातार हो रहे सड़क हादसे

राम दरबार चौक पिछले कुछ सालों में हादसों का ब्लैक स्पॉट बना हुआ है। यहां दस से अधिक मौत हादसे में हो चुकी है। यही कारण है कि लगातार सर्विस लेन को चौड़ीकरण करने की मांग उठती रही है। सर्विस लेन बढ़ने से हादसों में कमी के साथ ही बाहर से आने वाले वाहनों को भी बेहतर आवागमन की सुविधा मिल पाएगी।

# नाले में बहा एक व्यक्ति का मिला शव

■ दूसरे व्यक्ति की तलाश जारी

**छुरिया।** गैंदाटोला-फाफामार मार्ग पर स्थित छोटे पुल नदी-नाला में बाढ़ के कारण बुधवार की शाम नाला पार कर रहे दो व्यक्ति पानी के तेज बहाव में बह गए। आज सुबह से दुर्ग और राजनांदगांव की गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी रही। सुबह लगभग सात बजे एक व्यक्ति का शव घटनास्थल लगभग दो किमी दूर झाड़ियों में अटका मिला। वहीं दूसरे व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

ज्ञात हो कि बुधवार शाम लगभग साढे छह बजे गैंदाटोला निवासी दो व्यक्ति छोटे पुल नदी को पार कर रहे थे। इसी दौरान दोनों पानी के तेज बहाव में बह गए। खबर लगते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। देर रात तक उन्हें तलाश किया गया, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया। आज सुबह से दुर्ग और राजनांदगांव की गोताखोरों की की टीम ने



नदी-नाला से दो किमी दूर थाना के पीछे झाड़ियों में पेड़ से केशव धरमगुड़ी पिता होरीलाल धरमगुड़ी 55 वर्ष निवासी गैंदाटोला का शव लटका पाया, जिसे गोताखोरों ने बाहर निकाला। वहीं दूसरे व्यक्ति बिरेन्द्र यादव की गोताखोरों की दो टीमें तलाश कर रही है। मृतक का आज पोस्टमार्टम कर परिजनों को गैंदाटोला पुलिस ने मर्ग कायम कर शव सौंप दिया है। गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

### गांव में मुनादी

बुधवार शाम गैंदाटोला निवासी दो व्यक्तियों के नाले में बह जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया और दूसरे दिन गोताखोरों की मदद से एक व्यक्ति का शव नाले की झाड़ियों से बरामद किया गया। आज दूसरे दिन भी गोताखोरों की दो टीमें दिनभर दूसरे व्यक्ति की तलाश में जुटी रही। तहसीलदार विजय कोठारी ने आसपास के नदी-नालों से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर ग्रामीणों को तेज बारिश एवं बाढ़ से सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने उफनते नदी-नालों को पार नहीं करने की समझाईश भी ग्रामीणों को दी है।

# 16 जुलाई तक जारी रहेगा बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में पिछले चार दिनों से जारी बारिश का दौर आगे भी बने रहने के आसार जताए गए हैं। आगामी 16 जुलाई तक अंचल में लगातार बारिश देखने को मिल सकती है। हालांकि उसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी।

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण झारखंड और उसके आसपास स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर सूरतगढ़, भिवानी, अलीगढ़, बांदा, डाल्टनगंज, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम उत्तरप्रदेश से झारखंड तक, उत्तर मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ होते हुए तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से दक्षिण झारखंड तक, दक्षिण गुजरात, उत्तर मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 4.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पश्चिम असम से विदर्भ तक, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

**ऐसा रहेगा हाल : मौसम विभाग**



से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल 11 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मध्य छत्तीसगढ़ के जिले संभावित है। 16 जुलाई से वर्षा की गतिविधि में कमी होने की संभावना बन रही है।


हरिभूमि

एजेंसी देना है

अंबागढ़ चौकी में दैनिक 'हरिभूमि' की एजेंसी देनी है तथा संवाददाता नियुक्त करना है। सक्षम एवं इच्छुक व्यक्ति सुरक्षाधन के साथ तत्काल संपर्क करें।

हरिभूमि जिला कार्यालय

दुर्गा चौक, राजनांदगांव

मो.9425240405, 8319268069, 9425565082


## क्रेशन खदान के अलावा अवैध ईंट भट्टे भी हो रहे संचालित

# जोरातराई-मनगट्टा में खदानों का शासकीय भूमि पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के मनगट्टा जोरातराई क्षेत्र में लीज से 6 गुना ज्यादा शासकीय भूमि पर कब्जा करके कई क्रेशर खदान और ईंट भट्ठे चलाए जा रहे हैं। जिससे शासन को लाखों-करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। वहीं निर्धारित मापदंड से अधिक पत्थरों की तोड़ाई के लिए लगातार विस्फोट और क्रेशर व ईंट भट्ठे के डस्ट से लोग परेशान हैं।

इस क्षेत्र में केंद्र सरकार की योजना से संचालित हो रहे केज कल्चर को भी नुकसान होता दिखाई दे रहा है। ग्राम जोरातराई मार्ग पर बंद पड़े पत्थर खदानों में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत केज कल्चर से मछली पालन किया जा रहा है। वहीं यहां क्रेशर और ईंट भट्ठे का डस्ट उड़कर केज में लगे जाल में जाकर जम रहा है। जिससे इस महत्वपूर्ण योजना को प्रभावित होते वक्त नहीं लगेगा।



**आवागमन के लिए लंबी दूरी :** क्रेशर खदानों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा किए जाने के चलते केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन स्थल पर जाने महिला समूहों को काफी लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। जोरातराई रोड पर स्थित केज कल्चर के समीप एक क्रेशर खदान है, जहां शासकीय भूमि पर कब्जा नजर आता है। जिसकी वजह से महिला समूह को आवंटित केज कल्चर में आने-जाने के लिए क्रेशर खदान से घूमकर जाना पड़ता है। जबकि खदान के समीप से ही सीधा रास्ता बनाया जा सकता है, लेकिन यहां शासकीय भूमि पर रखे गए पत्थरों के चलते रास्ता नहीं बन पा रहा है।

### कई खदानों की लीज खत्म

ग्रामीणों ने बताया कि केज कल्चर के समीप संचालित क्रेशर के पास लगभग 1 एकड़ 40 डिसमिल जमीन है, लेकिन शासकीय भूमि पर लगभग 5 एकड़ में कब्जा किया हुआ है। वहीं इस क्षेत्र में कई और क्रेशर है। जिनकी लीज भी खत्म हो गई है, लेकिन वह बेरोकटोक संचालित हो रहे हैं।

### रात को हो रही ब्लास्टिंग

मनगट्टा और जोरातराई क्षेत्र के लोगों ने बताया कि यहां पत्थर खदानों में रात के वक्त ब्लास्टिंग की जाती है। आधी रात को ब्लास्टिंग होने से आसपास के घर धमक जाते हैं। कई बार खनिज विभाग को शिकायत करने के बाद भी इस पर कार्रवाई नहीं हुई।


गायत्री प्रा. आई.टी.आई

ITI ▸ RAJNANDGAON

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव

81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### उरईडबरी स्कूल में बाल केबिनेट का गठन



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला उरईडबरी में प्रधानपाठक रेखा देशलहरे, शिक्षक ऋतुराज साहू एवं पदमा चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में बाल केबिनेट का गठन किया गया। केबिनेट में प्रधानमंत्री दीपकुमार रात्रे, शिक्षा मंत्री काव्य यादव , खेल संस्कृति एवं खाद्य मंत्री कामता दास साहू , स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री लीना, दीक्षा साहू, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री चंद्रशेखर, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री तेजस गोस्वामी, चंद्रकांत पड़ोती को बनाया गया है। इसी प्रकार कक्षा नायक एवं उप कक्षा नायक का गठन किया गया जिसमें कक्षा पहली में लक्ष्य लहरे एवं काजल, दूसरी में काव्य पटेल, रितु साहू , तीसरी में काव्य लहरे, लक्ष्य लहरे, चौथी में मानवी पटेल, साक्षी लहरे, पांचवी में नागेश्वर कंवर एवं चांदनी कंवर को बनाया गया है।

### स्वागत कर किताबों का वितरण



**खड़गांव।** पूर्व माध्यमिक शाला खड़गांव में विगत दिनों प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य साइदा बेगम मुख्य अतिथि थी। अध्यक्षता सरपंच रमिला धुर्वे ने की। इस मौके पर पूर्व सरपंच राजाराम मारापी आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान बच्चों का स्वागत कर पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया।

### विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण



**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला सड़क अतरिया में गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फल, छाया और औषधि पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जनपद सदस्य डोमारसिंह भेड़िया, नर्मदा मंड़ल भाजपा अध्यक्ष आनंद पटेल, शाला समिति के अध्यक्ष राधे मोहन वैष्णव, सरपंच सोनम वैष्णव, दूजेराम वर्मा, महेश जैन, भीखु हिरवानी शामिल हुए। इस मौके पर श्री ताम्रकार में स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राचार्य खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिव कुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेदकुमारी पाली, पारसमणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल आदि मौजूद थे।

### आदतन अपराधियों पर कार्रवाई



**डोंगरगढ़।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी आशीष कुंजाम के निर्देशन में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह ने शहर में शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित होने के अंदेशा पर 4 आदतन अपराधियों के विरूद्ध धारा 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया है। सभी मारपीट, लड़ाई झगड़ा, चोरी, चाकूबाजी जैसी गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है उसमें गेंदलाल ठाकुर पिता स्व राजेश ठाकुर निवासी अटल आवास, मो. साहिल खान पिता मो. कलीम निवासी अटल आवास, राजू वर्मा पिता विष्णु वर्मा निवासी कश्मीरी पारा और संतु कुर्रे पिता पंचु कुर्रे निवासी कचहरी चौक शामिल है।

---

### मरम्मत कराने में कोताही से ग्रामीणों में नाराजगी

# दो ब्लॉक को जोड़ने वाली सड़क पर अनगिनत गड्ढे, बढ़ी परेशानी

## डोंगरगढ़-खैरागढ़ मार्ग पर हो रहे रोज हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

विकास को गति देने में अहं भूमिका निभाने वाली सड़कों की हालात बहुत खराब है। सबसे बुरी हालत डोंगरगढ़ से खैरागढ़ मार्ग की है। इस सड़क पर जहां तहां गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। इस सड़क का अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपयोग करते है लेकिन उन्हे सड़क की बदहाल हालत दिखाई नहीं देती। दो विकासखंड को जोड़ने वाली इस सड़क से आवागमन करना मुश्किल हो गया है।

डोंगरगढ़ और खैरागढ़ को जोड़ने वाली सड़क बहुत खतरनाक होते जा रही है। इस सड़क पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है। ग्रामीणों की माने तो इस सड़क पर कई घर उजड़ गया है। कुछ दिन पूर्व डोंगरगढ़ के एक युवक की मौत इसी सड़क पर हुई थी। पहले भी ऐसी घटनाएं कई बार हो चुकी है। सड़को के खस्ताहाल के कारण भी लोग अक्सर दुर्घटना के शिकार हो जाते है। इस मार्ग पर समय - समय पर मेंटनेंस किया जाता है किन्तु काम के गुणवत्ताहीन होने के कारण सड़क जस के तस हो जाती है। इस सड़क को कई बार बनाया गया है लेकिन हर बार बनने के साल भर के अंदर ही हालात जैसे के तैसे हो जाते हैं। करोड़ो खर्च होने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं दिखता है।



#### आठ साल पहले निर्माण

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ से खैरागढ़ का मार्ग 2017 में बना था जो अब अजर्जर हो चुका है। सड़क का नया बनाना आवश्यक हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक नया निर्माण नहीं होता है तब तक सुधार कार्य करा दिया जाए। जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ से द्वारा सुधार कार्य के लिए 1 वर्ष पूर्व स्वीकृति मिल चुकी है किंतु काम अब तक चालू नहीं हुआ है। मंडल भाजपा अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि लोक निर्माण मंत्री अरुण साव को डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान ज्ञापन देकर सड़क के जीर्णोद्धार कराने की मांग की गई है। विधायक ने भी उनसे चर्चा की है।

#### बड़ी संख्या में ग्रामीण करते हैं आवाजाही

डोंगरगढ़ से खैरागढ़ मार्ग सबसे व्यस्त मार्गो में से एक है। इस मार्ग से मजदूर, बच्चे, अधिकारी , कर्मचारी आवाजाही करते है साथ ही यात्री बसें भी काफी संख्या में चलती हैं। सड़क के खतरनाक होने के बाद भी लोग इससे आवाजाही करने मजबूर हैं। उल्लेखनीय है कि लग्जरी बसें भी इसी मार्ग से गुजरते हुए खैरागढ़, कवर्धा होते हुए आगे जाती है। आसपास गांवो के बच्चे पढ़ने के लिए डोंगरगढ़ व खैरागढ़ जाते है। सड़क की हालत को लेकर लोग भयभीत रहते हैं। ग्रामीणो ने प्रशासन से सड़क की मरम्मत करने की मांग की है।

---

## बोर खनन से लोग प्रसन्न



**डोंगरगढ़।** लोगों को पेयजल मुहैया कराने वार्ड 15 में राजेंद्र दुकान एवं विनोद सिन्हा के घर के पास बोर खनन भाजपा कार्यकर्ताओं ने कराया है। बोर खनन कराने में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, गीता मानिकपुरी, मीना यादव, संजय यादव, रिया साहू, अनिल यादव, पूजा उज्जवने, गायत्री निषाद, सुशीला साहू आदि की भूमिका रहीं। इस अवसर पर हीराबाई साहू, शकुंतला सिन्हा, रामबाई, तीजिया सिन्हा, ललिता यादव, विनोद सिन्हा, राजू यादव, चंपा साहू, संगीता राय, सुनीता कुम्हरे, निराशा यादव, पूजा यादव, हरि साहू, कंचन साहू, संतोष यादव, जुलैखा बेगम, संतोषी सिन्हा आदि मौजूद थे।

## पुल निर्माण में गड़बड़ी, आंदोलन की तैयारी में नाराज ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत बिच्छीटोला और सेन्दरी के बीच बना पुल भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया।

दोनों गांवों को जोड़ने वाले इस पुल का निर्माण हाल ही में किया गया। इस पुल के निर्माण में करोड़ों खर्च किया गया। जब काम चालू हुआ था तब जल्द निर्माण कराने की बात ठेकेदार से कहा गया था लेकिन अब तक निर्माण पूरा नहीं हुआ था लेकिन ठेकेदार ने अनियमितता बरतते हुए पुल को जनता के लिए चालू कर दिया। जानकारी के अनुसार इस पुल का निर्माण विच्छीटोला, सेन्दरी, ठाकुरटोला, मड़ियान सहित अन्य दर्जनों गांव के लोगों की सुविधा के लिए कराया गया है लेकिन ठेकेदार ने मनमानी करते हुए लोगों की मंशा पर पानी फेर दिया है। ठेकेदार ने पुल तो बना दिया लेकिन उसके दोनों तरफ मुरूम बिछा कर रेत डाल दिया है। बारिश होने के बाद गाडियां रेत में फंस रही है। पुल के अनियमित निर्माण से ग्रामीणो में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है और वह आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

#### नहीं कराया डामरीकरण

बिच्छीटोला सहित दर्जन भर गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि पुल के बनने से उनको बहुत खुशी हुई थी, लेकिन निर्माण में भारी अनियमितता देखकर हताश हैं। वह आसान रास्ता चाहते थे लेकिन यहां तो रास्ते को ही बिगाड़ दिया गया। पुल को गाड़ी में बैठकर पार नहीं किया जा सकता। पुल के दोनों तरफ डामर रोड़ नहीं बनाया गया। पुल के दोनों तरफ गड्ढे हो गए है जिसमें खानापूर्ति के लिये रेत डाल दी गई जिसमें गाड़ियां फंस रही है।

## अवैध गतिविधियों पर रोक की मांग

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मनगटा वन चेतना केंद्र में संचालित रिसोर्ट में जुआ - सट्टा और अन्य गतिविधियां को लेकर जिला प्रशासन को शिकायत किया है। उन्होंने शिकायत में बताया कि रिसोर्ट में दारू, गांजा का सेवन किया जाता है साथ जुआ सट्टा भी खेला जाता है। पर्यटन के नाम से अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से रिसोर्ट संचालकों के हौसले बुलंद हैं। रिसोर्ट संचालक मनमानी कर रहे है जिससे अवैध कार्य चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी, बर्थडे पार्टी मनाने बाहरी व्यक्तियों का आना- जाना लगा रहता है। यहां मारपीट एवं तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हो चुकी है।

## बैठक में नर्सरी निर्माण का प्रस्ताव



**छुईखदान।** गुरुवार को जय बूढ़ादेव मत्स्य पालन सहकारी समिति देवरचा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के नाम एवं सामान के रखरखाव हेतु लैंडिंग सेंटर एवं जलाशय में 20 संचयन हेतु नर्सरी निर्माण पर चर्चा की गई ताकि नर्सरी बनाकर बीज संचयन कर उत्पादन बढ़ाया जा सके। समिति ने प्रस्ताव पारित कर पहले ही विभाग में नर्सरी एवं लैंडिंग सेंटर हेतु आवेदन प्रेषित किया है। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इन विषयों पर विचार कर प्रस्ताव पारित किया। बैठक में बनवाली राम, नरोत्तम मंडावी, हेमलाल, मनोज कुमार, अमीरलाल, बलदेवसिंह, शेरसिंह, संतराम, चिंताराम, अशोक मंडावी, महेश, संतूराम, जयराम, अंजोरी, रमेश, सुरेशकुमार, नकुलराम, पंचूराम, रामकुमार, नरोत्तम, आनंद सोनटके, अलख नेताम, गोपाल, रामकुमार, लखन, विदेशी, विष्णुराम, रामदयाल, नरेश नेताम, भक्त प्रहलाद, सखाराम मांडवी, सुखऊ राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल

**खड़गांव।** व्यापारी संघ के वरिष्ठ सदस्य तोमन साहू ने बताया कि नल जल योजना से ग्रामीणों को साफ पानी नहीं मिल रहा है।

पाइप में बारिश का गंदा पानी जा रहा है जिसके कारण घरों में गंदा पानी आ रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग एक साल से पानी टंकी की सफाई नहीं हुई है और न टंकी में दवाई डाली गई है जिसके चलते डायरिया की शिकायत आ रही है। शुद्ध पेयजल नहीं मिलने से मौसमी बिमारियों का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने बताया कि बताया कि ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण ग्रामीण शुद्ध पेयजल से वंचित हैं।

### गौठान में पौधरोपण

# वृक्ष हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग : गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



नगर पंचायत के अधीन आने वाले करियाटोला के गौठान में गुरूवार को वृहद पौधरोपण किया गया। इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों तथा जन प्रतिनिधियों ने पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। श्री गांधी ने वृक्षों कोसंस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी के संरक्षण के लिए वृक्ष बहुत ही आवश्यक हैं। उन्होंने स्वैच्छिक रूप से पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने पौधों को लगाने के साथ उनकी रक्षा करने कहा। इस मौके पर सागौन, नीम, पीपल, साजा, जामुन, आंवला आदि के पौधे रोपे गए। इस मौके पर अंजू त्रिपाठी, गुलशन हिरवानी, दीना पटेल, राजा जैन, लीला मंडलोई, राजीव वैष्णव, हरिशंकर साहू, महेश्वर साहु, डा.ललित रामटेके, मुन्नीबाई मंडलोई, खेमिनबाई साहु, देवलाल साहु, चोवाराम साहु, नरेश नेताम, शिव देवांगन, सीएमओ विनम्र जेमा सहित अन्य उपस्थित थे।

## बरबसपुर में 30 पौधों का रोपण



**गंडई पंडरिया।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सेवा सहकारी समिति बरबसपुर में 30 पौधों का रोपण किया गया। यह आयोजन उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किया गया। पौधारोपण के दौरान सेवा सहकारी समिति बरबसपुर के अध्यक्ष अमित कुमार शर्मा, प्रबंधक डीडी साहू, सदस्य पवन भारद्वाज, भूपेंद्र जंघेल, प्रकाश धुर्वे, पवन ठाकुर, परमेश्वर दास, कन्हैया साहू, रामानुज रजक, दीपक सोनवानी और कृषि विस्तार अधिकारी सुनील देवांगन ने हिस्सा लिया। इस मौके पर गुलमोहर, बादाम, करंज, आंवला, नीम, बरगद और सिंदूर के पौधे रोपे गए थे। रोपित पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने बांस की ढोलकी भी लगाई गई है।

पाठक सूचना
खडगांव क्षेत्र में दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र की प्रतियों तथा समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
निष्ठा न्यूज एजेंसी
(पंचायत भवन के बाजू, खडगांव)
विजय कुमार जैन मो. 90989 37585
भीखम रावटे मो. 94790 97554

## बच्चों और बड़ों ने अपने गुरु के प्रति प्रकट की आस्था

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला नवागांव में गुरू पूर्णिमा के मौके पर शाला प्रबंधन समिति तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अश्वनीराम साहू, सुशीला देवांगन, सरपंच मदनराम देवांगन, मदनलाल सिन्हा, लता देवांगन, आरती वर्मा, वंदना साहू, देवलाल वर्मा, हेमपुष्पा देवांगन, अनुपा देवांगन, सेवकराम, संतोष निषाद, वचनराम निषाद, दानी वर्मा आदि शामिल हुए। मां भारती की पूजा के साथ प्रधानपाठक मंजरी गजभिए एवं सदस्यों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरपंच ने गुरू को सर्वश्रेष्ठ बताया।मनु ठाकुर, कनकराम साहू, संगीता देवांगन, बबिता कौशिक, महिमा मरकाम का श्रीफल व पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। किशोर देवांगन का भी सम्मान किया गया।



**घुमका।** कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में भाजपा मंडल ने गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक मोरध्वज प्रसाद दुबे, कमल कुमार दुबे, सेवाराम दुबे, बांकेलाल श्रीवास, देवीलाल सेन, केशवप्रसाद सेन को श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। सेवाराम दुबे ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना आवश्यक है। कमल कुमार ने अपने अतीत की चर्चा करते हुए कहा कि व्यक्ति की सोच में रचनात्मकता होना चाहिए। इस अवसर बीएस ठाकुर, राजेश सोनी, भारत साहू, दिलीप पटेल, धनमत वर्मा, जनकदास साहू, प्रमोद दुबे, अजयसिंह राजपूत, अनिलसिंह राजपूत, तोषणसिंह, खेमलाल साहू, बहुरदास साहू, केदार साहू मौजूद थे। तोषण सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा से गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । संस्था अध्यक्ष टीआर हिरवानी, बहुरसिंह साहू, प्राचार्य रोहित निर्मलकर, जनक साहू, जनपद सदस्य जितेन्द्र गायकवाड़, खेमलाल साहू, पवन गायकवाड़, अजय ठाकुर, प्रमोद दुबे, तोषण सिन्हा, मोहित वर्मा, केदारनाथ साहू, जगेश्वर साहू ने महर्षि वेदव्यास की पूजा अर्चना किया। अतिथियों ने प्राचार्य रोहित निर्मलकर एवं सेवानिवृत्त शिक्षक टीआर हिरवानी को श्रीफ़ल भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य निर्मलकर ने गुरू पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। लक्ष्मी गुप्ता ने गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर खुशबु कुर्रे, संजीत वर्मा, दीप्ति साहू, प्रति वर्मा, इंदिरा वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, नेमा वर्मा, अनिता पाल, देवेन्द्र मैथिल क्षत्रीय, सोनम साहू आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में गुरू पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने गुरू के प्रति सम्मान प्रस्तुत करते हुए तिलक गुलाल लगाकर पुष्प वर्षा किया। मुंह मीठा कराकर पेन एवं नारियल भेंट किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी ने बच्चों को चाकलेट वितरण किया।

**खुज्जी।** शिवनाथ नदी तट पर स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के सानिध्य में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में सत्य नारायण पूजा के पश्चात रूद्र अभिषेक, पादुका पूजन किया गया। उपस्थित भक्तों ने सामूहिक गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और रामनाम संकीर्तन में भाग लिया। अंत में महाप्रसाद वितरण किया गया।



**सड़क अतरिया।** गुरू पूर्णिमा के मौके पर हाईस्कूल सरईपतेरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्धेवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र कुमार डड़सेना शामिल हुए। कार्यक्रम में प्राचार्य दयालसिंह धुर्वे, प्रधान पाठक सुखराम कंवर, ईश्वरी प्रसाद गेन्ड्रे सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे। छात्रों ने गुरू शिष्य परंपरा का बखान किया। शिक्षकों ने छात्रों का मार्ग दर्शन किया। इससे पहले शिक्षा अधिकारियों ने प्राथमिक शाला गेरूखदान, प्राथमिक शाला बैगा साल्हेवारा, हायर सेकंडरी रामपुर, स्वामी आत्मानंद विद्यालय रामपुर, हाईस्कूल आमगांव घाट का निरीक्षण किया। यहां शिक्षकों की उपस्थिति, पाठ्य पुस्तक, भवन आदि का अवलोकन कर निर्देशित किया। उन्होंने जर्जर शाला भवन में कक्षा नहीं लगाने कहा। मौसम को देखते हुए वैकल्पिक भवन की व्यवस्था कर कक्षा लगाने कहा। चोरड़ाधाम स्थित डोंगेश्वर महादेव मंदिर में गुरूवार को गुरू पूर्णिमा भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे तथा भजन कीर्तन में शामिल हुएद्ध जय डोंगेश्वर महादेव समिति ने पूजा अर्चना का आयोजन रखा था। इसी प्रकार घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर एवं नर्मदा मंदिर में गुरू के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम - टेडेसरा
जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप



### गुरुओं का किया सम्मान

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला छिंदीजोब में गुरु पूर्णिमा श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रधानपाठक सरिता सलामे, शिक्षक चोवाराम साहू का जिपं सभापति अनिता मंडावी ने श्रीफल गमछा भेंट कर सम्मान किया। भाजपा कार्यकर्ता विदेशीराम, मुन्नालाल टेकाम, उमेद पटौदी, आनंद निषाद, राजू पुराम, पुकारसिंह ठाकुर, तिलका बाई, सविता, कैलाश,अरविंद नंदेश्वर की मौजूदगी में सभी छात्रों ने गुरु पूर्णिमा मनाया।

### डीईओ ने बच्चों को किया प्रेरित



**डोंगरगांव।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्यारहवीं और बारहवीं विज्ञान के बच्चों को आईआईटी, नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। उन्हों ने एनसीआरटी किताबों की उपयोगिता के बारे में बताया और ग्यारहवीं एवं बारहवीं में गणित, भौतिकी एवं रसायन विषयों को इसी किताब से पढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तर पर बच्चों के लिए कोचिंग सुविधा की जानकारी दी जिसमें प्रत्येक शनिवार और रविवार को बक्शी स्कूल राजनांदगांव में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं ली जाएगी और नोट्स उपलब्ध कराए जाएंगे। बच्चों को पुस्तकालय का उपयोग करने और विभिन्न उपयोगी किताबों को पढ़ने प्रेरित किया।

### बाल कैबिनेट गठन, जयप्रकाश बने प्रधानमंत्री



**खैरागढ़।** ब्लाक के नवागॉव लोधी प्राशा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधान पाठक शैलेश कुमार सोनी व शिक्षक महेंद्र कुमार पाल के मार्गदर्शन में केबिनेट में प्रधानमंत्री जयकुमार निर्मलकर, उप प्रधानमंत्री देविका यादव, कृषि व बागवानी मंत्री मोहित निर्मलकर, आलोक रजक, खेल मंत्री देवा ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री हिमांशु यादव व हितेश रजक, स्वच्छता मंत्री पूर्वी रजक, प्रतिष्ठा ठाकुर, मध्यांह भोजन मंत्री तारा रजक, अंकुर रजक, अनुशासन मंत्री विहान धुर्वे, पूनम यादव को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार कक्षा नायक पांचवीं हितेश रजक, चौथीं पूर्वी रजक, तीसरी नागेश माहरा, दूसरीं हर्षिका रजक, पहलीं मनेश सिंह ठाकुर को बनाया।

### कलेक्टर ने किया शालाओं का निरीक्षण

# शिक्षा गुणवत्ता सुधार की दिशा में प्रभावशाली पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ब्लाक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने शैक्षणिक वातावरण, शिक्षण विधियों, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा नवाचारों का अवलोकन किया।

प्राथमिक शाला बैहाटोला में कलेक्टर ने स्मार्ट क्लास, दीवार पत्रिका और लूडो जैसे शैक्षणिक खेलों के माध्यम से बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों को खेल आधारित शिक्षण पद्धति से जोड़ने को एक अभिनव पहल बताया। प्रधानपाठक भगवती प्रसाद सिन्हा ने बताया कि ग्राम के शिक्षित युवक युवतियों को स्वेच्छा से अध्यापन से जोड़ने सरपंच को पत्र सौंपा गया था जिसके फलस्वरूप तीन युवतियां निःशुल्क अध्यापन कार्य करा रही है। कलेक्टर ने इस सामुदायिक सहभागिता को प्रेरणास्पद बताते हुए अन्य ग्रामों में भी इसे अपनाने कहा। मध्यान्ह भोजन को लेकर उन्होंने रसोईया हीरो बाई यादव से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में नवाचार, सामुदायिक सहभागिता और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण ही शिक्षा में गुणवत्ता लाने की कुंजी हैं। उन्होंने ऐसे प्रयासों को जिले के अन्य विद्यालयों में मॉडल के रूप में लागू करने की आवश्यकता है।

#### बच्चों की समझ को परखा

प्राथमिक शाला गहिराटोला में बालवाड़ी के नन्हें बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने टीवी और रिमोट जैसे विषयों पर उनकी समझ को परखा। विद्यालय के किचन गार्डन में मौसमी सब्जियों, गन्ना और केला के पौधों को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और इसे बच्चों के समग्र विकास से जोड़कर नवाचार की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। पूर्व माध्यमिक शाला विक्रमपुर में उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक समय लाल धुर्वे द्वारा निःशुल्क अध्यापन कार्य किए जाने की सराहना की। पूर्व माध्यमिक शाला कटंगीखुर्द और हायर सेकेंडरी स्कूल विक्रमपुर के निरीक्षण के दौरान भी उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षण व्यवस्था का मूल्यांकन किया। हायर सेकेंडरी स्कूल विक्रमपुर में शाला विकास समिति द्वारा नियुक्त शिक्षक शिवकुमार यादव से उन्होंने विद्यालय संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण दौरान बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान भी साथ मौजूद रहे।

# कट्टहा नवागांव में महर्षि वेदव्यास स्मृति में बच्चों ने मनाई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला कट्टहा नवागांव में स्कूली बच्चों ने गुरु पूर्णिमा श्रद्धा, भक्ति व उत्साह के साथ मनाया। शाला परिवार के साथ ग्रामवासियों ने गुरु परंपरा की गरिमा को आत्मसात किया।

प्रधान पाठक रामलाल साहू ने बच्चों को गुरु पूर्णिमा का महत्व समझाते हुए बताया कि इस दिन को महर्षि वेदव्यास जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने वेदों का संकलन व विभाजन कर ज्ञान को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने महाभारत, गीता, गरुड़ पुराण सहित अठारह प्रमुख पुराणों की रचना कर सनातन ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन के प्रथम गुरु माता पिता सहित प्रत्येक मार्गदर्शक के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता रखने कहा।

इस दौरान शाला विकास समिति सदस्य राधेलाल बर्मन, देवकरण वर्मा, शांति बाई और कलेश्वरी जोशी उपस्थित रहे जिनका तिलक व पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। बच्चों ने अपने गुरुओं को पेन भेंट कर अपने भावनात्मक सम्मान को व्यक्त किया। सहायक शिक्षक नीलम कुमार वर्मा ने कहा कि गुरु वही होता है जो जीवन को सही दिशा दे और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। उन्होंने बच्चों को अपने गुरुजनों व बड़ों के प्रति सदा आदर विनम्रता बनाए रखने कहा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

#### मंडल भाजपा ने किया गुरूओं का सम्मान



गुरू पर्व को देखते हुए ब्लाक के महरूमकला स्थित प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला महरूमकला मे पदस्थ सभी के सभी शिक्षकों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी मंडल ठेलकाडीह अध्यक्ष भोज बंजारे के नेतृत्व में श्रीफल भेंट कर किया गया। प्रधान पाठक गोवर्धन सेन सहित पूरे स्टाफ का सम्मान करते हुए भोज बंजारे ने कहा कि शिक्षक सिर्फ शिक्षकीय ज्ञान नही देता अपितु जीवन को अंधकार से उजाले की ओर ले जाने वाला होता है। उन्होंने शिक्षक को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि जीवन के हर पड़ाव में ज्ञानार्जन के लिए गुरू की आवश्यकता होती है। शिक्षक पढ़ा लिखाकर बच्चों को महज डॉक्टर, इंजीनियर नही बनाते बल्कि सशक्त समाज के लिए आदर्श नागरिक भी तैयार करते है। इस दौरान ललित जैन, खुश वर्मा, भारत वर्मा, रेमन वर्मा, संतोष गालव, राजेन्द्र गेंड्रे, तिरिथ कुर्रे सहित दोनो स्कूलो शिक्षक, शिक्षिका सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कई कार्यक्रम में शामिल हुए विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छुईखदान ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला साल्हेकला में शाला प्रवेश उत्सव, वृक्षारोपण व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने शाला प्रवेश उत्सव की महत्ता को लेकर कहा कि यह दिन बच्चों के जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है।

उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वृक्षारोपण दौरान उन्होने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित ग्रामीणों को दी। विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। एक गुरु ही होता है जो अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामना दी। इस दौरान छुईखदान मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, बलराम जंघेल, अशोक पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया जलाशयों का निरीक्षण

- जल भराव की स्थिति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने छुईखदान विकासखंड स्थित मध्यम जलाशय पिपरिया तथा पैलीमेटा जलाशयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए वर्षा ऋतु के दौरान जल संसाधन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, उप अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यपालन अभियंता ने अवगत कराया कि वर्तमान में पिपरिया जलाशय में 67.80 प्रतिशत तथा पैलीमेटा जलाशय में 48.00 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभावित अतिवृष्टि की स्थिति में आवश्यक सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई हेतु विभागीय अमला पूर्णतः तैयार रहे।

#### जल प्रबंधन किया जाए

उन्होंने कहा कि किसानों को खरीफ फसल सीजन में सिंचाई के लिए जल की आवश्यकता के अनुसार जलाशयों से जल प्रबंधन किया जाए, ताकि कृषकों को समय पर पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जलाशयों की तकनीकी स्थिति, सुरक्षात्मक उपायों तथा जल प्रवाह तंत्र की नियमित निगरानी के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि मानसून अवधि में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूर्व से ही समुचित कार्ययोजना तैयार रखी जाए, जिससे जन-धन की क्षति से बचा जा सके।

### माइग्रेन, मिर्गी तथा अन्य गंभीर रोगों के विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार को

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के मरीजों को अब अपने ईलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध होगी। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे।

नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिरदर्द, ब्रेन ट्युमर, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे।

आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान-नाक-गला, निसंतानता एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्मरोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

# शिक्षकों, डॉक्टरों का सम्मान



**गंडई पंडरिया।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा मंडल और महिला मोर्चा ने समाज सेवा में जुटे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया। यह सम्मान विभिन्न कार्यालयों और संस्थानों में जाकर किया गया। शाल और श्रीफल भेंट कर गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया गया।

भाजपा मंडल गंडई के अध्यक्ष राकेश ठाकुर और महिला मोर्चा की सदस्यों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में पदस्थ डॉ. प्रशांत सोनी, पीएमश्री हाईस्कूल गंडई के प्राचार्य पवन ददरिया, निजी चिकित्सक डॉ एमसी अग्रवाल, ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की दीदियों और रामायण मंडली की प्रमुख शैला त्रिपाठी का सम्मान किया। मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इस अवसर पर कहा, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हमने उन व्यक्तियों को सम्मानित किया है, जो किसी न किसी रूप में समाज सेवा कर रहे हैं। वह अपनी बातों और कार्यों से लोगों को भलाई के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकर, नारायण शर्मा, दिनेश भट्ट, मंगल जैन, पार्षद अशोक पटेल, सावंत कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजली देवांगन, उमा चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# मलेशिया में आयोजित स्पर्धा में अचिंत्य प्रथम

## एनबीआईएस बोरी के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने 28 जून को माइंड मेमोरी एजुकेशन संस्था द्वारा मलेशिया के जेंन्टिंग हाईलैंड पहांग में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैथ्स अबेकस ओलंपियाड 2025 में शानदार प्रदर्शन करते अनेक पुरस्कार प्राप्त किए।

मलेशिया में आयोजित प्रतियोगिता में 12 देशों के लगभग 4000 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें शाला के पांच बच्चों ने अपने-अपने स्तर में टॉप-थ्री में अपना स्थान सुनिश्चित कर सफलता प्राप्त की। शाला के कक्षा पांचवीं के छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव प्रथम, अनय मोटवानी व अरनव रामटेके दोनों द्वितीय, प्रियल दिनेश विघने तथा साहिल जैन कक्षा आठवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र अचिंत्य श्रीवास्तव ने दो मिनट पचास सेकंड में ही 120 सवालों के जवाब देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला परिवार गौरवान्वित है।

#### शानदार प्रदर्शन पर दी शुभकामनाएं

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बच्चों की शानदार प्रदर्शन पर शुभकामनाएं देते परिजनों को भी बधाई दी। श्री बाजपेयी ने कहा कि छोटी उम्र में बच्चों की बढ़ती प्रतिभा को पहचानने की आवश्यकता होती है। सही दिशा और सही मार्गदर्शन सफलता की पहली सीढ़ी है। शाला के अबेकस शिक्षक रमाकांत साहू का मार्गदर्शन बच्चों को हमेशा मिलता रहा है। शाला प्राचार्य एकता गांधी ने बच्चों की इस उपलब्धि पर बधाई देते आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते कहा कि शाला के लिए बड़े ही हर्ष का विषय है, बच्चों से आगे भी इसी तरह की उपलब्धि की अपेक्षा है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक तथा सभी कर्मचारियों ने अबेकस शिक्षक एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### अंजोरी ने बनाया अपना आशियाना, गांव में मिल रहा रोजगार

# बैगाओं के लिए वरदान साबित हो रहा पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



प्रधानमंत्री जनमन महाभियान जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए वरदान साबित हो रही है। पीएम जनमन महाभियान के तहत विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बैगा जनजाति समुदाय के लोगो को चिन्हांकित कर प्राथमिकता से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत सिंगारपुर के ग्राम तुमड़ादाह में वर्षों से योजनाओं के लाभ से वंचित बैगा वर्ग के हितग्राहियों के लिए पक्के आशियाने का सपना साकार हुआ है। अब वह स्थायी तौर पर एक जगह निवास कर रहे हैं। बैगा जनजाति के अंजोरी राम जैसे ग्रामीणों के लिए गांव में ही आजीविका के अवसर खुल रहे हैं।

अंजोरी राम ने बताया कि पीएम जनमन महाभियान के आने से उनके परिवार की दशा और दिशा ही बदल गई है। पहले वह और उनका परिवार मजदूरी कर पालन-पोषण करता था। आर्थिक तंगी के चलते झोपड़ीनुमा घर में निवास करते थे। पीएम जनमन महाभियान के तहत वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास की स्वीकृति मिली। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि सरकार घर बनाने के लिए पैसा देती है।

#### राजमिस्त्री बना रहा दूसरों का घर

मनरेगा इंजीनियर ने बताया कि वह तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आवास को बनाते हुए भी राज मिस्त्री बन सकते हैं। काम का उन्हें भुगतान भी मिलेगा। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्यरत जनपद के तकनीकी अमलो के द्वारा उन्हे गांव में ही पीएम जनमन महाभियान के तहत बन रहे आवासो में राज मिस्त्री का विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण में ईंट जोड़ाई, लेवलिंग, प्लास्टर जैसी तकनीकी दक्षता सिखाया गया, साथ ही फील्ड पर बन रहे आवासो में व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया। जिसके बाद उन्होनें अपने खुद के घर को बनाने में सहयोग किया। राज मिस्त्री का प्रशिक्षण पाकर अपने घर को बनाने में राशि की बचत तो हुई, साथ ही उन्हें इस गांव के अन्य आवास को बनाने के लिए भी लोग संपर्क किए है। इससे उन्हें ग्राम स्तर पर ही अतिरिक्त आय के स्त्रोत मिल गए। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि उनके सामाजिक जीवन में भी सुधार आएगा।

# गोद ग्राम सोनपुरी में लगा विशेष शिविर

## वृद्धा पेंशन के लिए निर्धारित प्रक्रिया अनुसार भराया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



महामहिम के गोद ग्राम सोनपुरी में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के सात हितग्राहियो का आधार आधारित मोबाइल एप्लीकेशन बेनिफिशरी सत्यापन ऐप के माध्यम से सत्यापन किया गया।

ग्राम पंचायत के 17 बुजुर्गो द्वारा वृध्दावस्था पेंशन की मांग पर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवेदन भराया गया। पांच दिव्यांगो को प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड की प्रक्रिया की जानकारी दी गई पेंशन के नया आवेदनो की स्वीकृति के लिए जनपद सीईओ को प्रेषित किया गया। उक्त शिविर संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण विभाग सुमन राज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस दौरान सरपंच सीमा वर्मा, सचिव पुनीता साहू, रोजगार सहायक खिलेश्वरी जंघेल, रामअवतार साहू, हेमंत टंडन, राकेश कुमार साहू, नवीन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सार समाचार

### केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्र. 1282 केन्द्रीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक उपसमिति रायपुर के राजपूत छात्रावास भवन कोटा में 6 जुलाई को संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के तैलचित्रों पर पूजा-अर्चना कर जयघोष के साथ शुरू किया गया।



केंद्रीय पदाधिकारी का रायपुर समिति द्वारा स्वागत किया गया। शाल, श्रीफल, तिलक व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने कहा कि समाज में एक नई दिशा पर अब कार्य किया जाएगा। शिक्षा के लिए स्वास्थ्य, स्वालंबन, करियर, सामूहिक विवाह जैसे सामाजिक विषयों पर हम कार्य करेंगे। साथ ही आने वाले 3 वर्षों के लिए अपने कार्य को गति देने विभिन्न प्रकोष्ठों में मनोनयन सदस्यों की घोषणा की गई। जिसमें राजनांदगांव जोन के प्रभारी महासभा के कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय, महासभा के प्रचार सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह को बनाया गया। राजनांदगांव उप समिति के निर्वाचित उपसचिव ठा. आदर्श सिंह को महासभा मीडिया प्रमुख के जिम्मेदारी दी गई। महासभा की पूर्व महिला सचिव छाया ठाकुर को केंद्रीय निर्णायक सदस्य एवं शैर्य प्रशिक्षण खेलकूद समिति के सदस्य पृथ्वीराज चौहान को बनाया गया। उक्त जानकारी महासभा मीडिया प्रमुख ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र का वितरण

**राजनांदगांव।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत महंत बलरामदास स्टेट स्कूल परिसर राजनांदगांव में पौधरोपण एवं राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2023 में 83 एवं वर्ष 2024 में 33 कुल 116 सफल स्काउट गाइड रोवर रेंजर को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में पौधरोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर की गतिविधियों में सहभागी बनने स्काउट गाइड रोवर रेंजर को प्रशंसा करते राज्य पुरस्कार के लिए बधाई दी। इस अवसर पर खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राजेन्द्र गोलछा, अशोक चौधरी, सौरभ कोठारी, शिव वर्मा, किशुन यदु, जिला अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड उमेश हथेल, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त प्रवास कुमार बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व स्काउट्स एवं गाइड्स रोवर रेंजर्स उपस्थित थे।

### जब्त वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने उगेतरा रायपुर निवासी तेजराम साहू के स्वामित्व के जब्त शुदा वाहन बोलेरो पिकअप क्रमांक सीजी-04 -पीएक्स-1261 तथा एकता ट्रांसपोर्ट रद्दी चौकी जबलपुर निवासी अहफाज खान के स्वामित्व के जब्त शुदा वाहन ट्रक क्रमांक एमपी-20-जीए-1013 को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है।

जारी आदेश के अनुसार विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी तथा प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सत्र न्यायालय राजनांदगांव से जारी आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

### डाक कांवड़ यात्रा की शुरूआत आज से

**राजनांदगांव।** जीवनदान सेवा संस्था ने डाक कांवड यात्रा की बैठक लेकर यात्रा की रूपरेखा तैयार की। संस्था ने बताया कि इस वर्ष भी डाक कांवड की यात्रा निकलेगी एवं सावन माह के प्रथम दिन ही 11 जुलाई को मोहरा शिवनाथ नदी से जलकर सिंघोला महाकाल मंदिर जाकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक कर डाक कांवड यात्रा की शुरूआत होगी। प्रति सोमवार को अलग-अलग मंदिरों में यात्रा का लक्ष्य रहेगा एवं संस्था ने सभी लोगों को इस यात्रा में आने का आमंत्रण कर आने अग्रह किया। इस मौके पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रलाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णव, कोषाध्यक्ष आनंद मुदंडा, जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ला, यस साहू, रितेश साहू, चंदन साहू, अमर सिंह राजपूत, अंशुल, सत्यम ओझा व शिवम ओझा आदि उपस्थित थे।



### समिति ने कराया शिवमंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा

**राजनांदगांव।** शहर के शांतिविजय कॉलोनी समीप शिव धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा शिव परिवार मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई। मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर से लाई गई शिवलिंग की पूरे रीति-रिवाज के साथ स्थापना की गई। तीसरे एवं अंतिम दिन नर्मदेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया था। वहीं भंडारे का आयोजन भी इस दिन किया गया। शिव धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा नवनिर्मित इस मंदिर के भीतर नर्मदेश्वर महादेव भगवान के साथ ही शिव परिवार की मूर्ति स्थापित की गई है। इस आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिन मंगलवार को सुबह से मंदिर में सार्वजनिक शिव मंदिर में आराधना का दौर शुरू हो गया था। मंदिर में शिव परिवार, हनुमानजी सहित सर्वदेव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान महास्नान, प्राण-प्रतिष्ठा, अभिषेक, भव्य श्रृंगार पूजन, हवन पूर्णाहुति के आयोजन हुए। प्राण-प्रतिष्ठा के तहत मंदिर परिसर को फूलों से आकर्षक सजावट की गई थी।



### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** प्रार्थिया से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 जुलाई की रात्रि में वह अपने घर में सो रही थी कि रात्रि ढाई बजे इसके मोहल्ले का दिलीप लहरे इसके घर अंदर जबर्दस्ती घुसकर इसके साथ छेड़छाड़ किया गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 303(सी), 74 भारतीय न्याया संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी दिलीप लहरे का पता तलाश कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल दाखिल किया गया।

## मोंगरा के आठ गेट से छोड़े गए पानी

# नदी-नाले उफान पर, चंद्रपुर हाईवे में थमा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

हो रहे मूसलाधार बारिश के बीच छत्तीसगढ़ की जीवनदयनी शिवनाथ नदी पूरे उफान पर है। वहीं राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में धार बहने से आवागमन आज दिनभर ठप्प रहा। उफनती नालों के बीच अंदरूनी हिस्से के दर्जनों वनांचल गांव टापू में तब्दील रहे। इसी बीच शिवनाथ पर स्थित मोंगरा बैराज के 10 में से 8 गेट को खोले जाने से अंबागढ़ चौकी नगर के तीन वार्डों में खतरा मंडराने लगा है, जिसे हाई अलर्ट पर रखा गया है। इधर जिले के कई स्कूलों में आज बाढ़ के हालात में शिक्षक और स्कूली छात्र-छात्राएं स्कूल नहीं पहुंच पाए, जहां छुट्टी कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि दिन-रात के मूसलाधार बारिश के बीच शिवनाथ अपने वृहद उफान पर है। मोंगरा बैराज के 10 में से आठ गेटों को खोल दिया गया है। वृहद तेज बहाव के बीच नदी का जल स्तर अंबागढ़ चौकी नगर के तीन वार्डों तक पहुंच गया है, जिन्हें हाईअलर्ट करते सुरक्षित जगह में पहुंचाने नगर पंचायत द्वारा मुनियादी के साथ व्यवस्था की गई है। जिले के कई स्कूलों के पहुंच मार्ग में पढ़ने वाले नाले के पुल के उपर तेज बहाव के कारण स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे के कौडीकसा, अंबागढ़ चौकी नगर के राजीव गांधी चौक, बांधाबाजार में मुख्य सड़क पर धार बहने के कारण राजनांदगांव-महाराष्ट्र की ओर यातायात दिनभर प्रभावित रहा।



### टापू में हुआ तब्दील

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के गट्टेगहन-संबलपुर पुलिया के ढह जाने से संबलपुर कैंप में तैनात आईटीबीपी तथा पुलिस के अफसर जवानों के साथ-साथ ग्रामीणों का जनजीवन टापू में तब्दील हो गया है। वहीं हिड़कोटोला और मिस्प्री के बीच बन रही पुलिया के अप्रोच रोड़ टूट जाने से हिड़कोटोला के स्कूली बच्चे अब जान जोखिम में डालकर मिस्प्री स्कूल जा रहे हैं। वहीं राशन के लिए ग्रामीण जैसे-तैसे नदी को पार कर माडियानवाड़वी के लिए आवागमन कर रहे हैं।

### तीन वार्ड हाईअलर्ट पर

मोंगरा बैराज के 10 में से 8 गेट खोलते हुए 52000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसके कारण शिवनाथ नदी खतरे के बाहर बह रही है। अंबागढ़ चौकी नगर के वार्ड नंबर 12, 13 व 14 में तीन से चार फीट तक पानी घुस गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि तीनों वार्ड को सुरक्षित करने मुनियादी के साथ मंगल भवन तथा टाउन हॉल में प्रभावितों को रखने व्यवस्था की गई है। राजनांदगांव- चंद्रपुर हाईवे में धार बहाने के कारण आज स्टेट हाईवे का आवागमन प्रभावित रहा। दर्जनों फोर व्हीलर तथा मोटर साइकिल खराब स्थिति में खड़ी रही।

# दो कोचिए हुए गिरफ्तार हुल्लड़ करने वाले पकड़ाए

■ बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले दो आरोपियों को पकड़कर देशी शराब बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी कोमल कौशिक 35 साल निवासी नंदई कुंआ चौक को मोहारा बायपास ओव्हरब्रिज के पास अवैध रूप से धन अर्जित करने, अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे 24 पौवा देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त कर धारा 34(ए) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

इसी प्रकार आरोपी विनोद लांछेवार 38 साल निवासी लालबाग प्रभात नगर को लालबाग जीई रोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 120 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्व धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### हुल्लड करने पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार मोहारा बायपास एवं कुंआ चौक नंदई में आसाजिक तत्वों द्वारा हो-हुडदंग करे रहे थे, जिन्हें वहां पर उपस्थित लोगो द्वारा समझाईश दिया गया, किन्तु वे लोग नहीं मान रहे थे। पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। अनावेदकों द्वारा पुलिस को आते देखकर और भी आक्रोशित होकर हो-हुल्लड करने लगे। अनावेदकों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया तथा चोरी के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



# नाबालिग से कुकर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नाबालिग लड़की को मुंबई ले जाकर कुकर्म करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने 15 फरवरी 2018 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 21 मार्च 2018 को अपृहता घर वापस आई। पूछताछ कर विस्तृत कथन लेख किया गया, जो अपने कथन में बताई कि ग्राम टाटीकसा का आरोपी त्रिलोक साहू शादी का झांसा देकर, जिसे डुंडेरा ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। उसके पत्नी को जानकारी होने पर विरोध करने पर अपनी परिचित मुस्ताख को लेने के लिए बुलाई थी, जो उसे मैं मुम्बई जा रहा हूं कहकर अपने साथ ले गए, जहां उसका शारीरिक शोषण किया। मौका पाकर मुस्ताक के मोबाइल से त्रिलोक को बताई, तब त्रिलोक उसे बाम्बे से वापस लाकर अपने घर ग्राम डुंडेरा में रखा। जिससे उसकी पत्नी के मना करने पर वापस अपहता के घर छोड़ा। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी त्रिलोक साहू को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।



### इंदामरा में पकड़ाया

अन्य आरोपी मोहम्मद मुस्ताक 39 साल निवासी बसंत खरोनाडीह बिहार के पता तलाश हेतु मुखबीर लगाया गया था। कल 9 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि मुस्ताक वर्तमान में उड़ीसा में रहा है। अभी पारिवारिक कार्यक्रम हेतु राजनांदगांव आया है। मुखबीर के बताए अनुसार इंदामारा में दबिश दिया गया, जहां पर मुस्ताक उपस्थित मिला। पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# महापौर ने किया मोहारा नदी व जल संयंत्र का निरीक्षण

■ मोहारा शिवनाथ नदी के सभी गेट खोलने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अत्याधिक वर्षा के कारण मोहारा नदी के जल स्तर बढ़ने पर गुरुवार को महापौर मधुसूदन यादव मोहारा शिवनाथ नदी तथा जल संयंत्रगृह का नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा समेत सुनील साहू, अलोक श्रोती व चन्द्रकृत साहू के साथ निरीक्षण कर जल संसाधन विभाग व नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए।

महापौर यादव ने मोहारा नदी निरीक्षण के दौरान नदी के जलस्तर एवं गेट खोलने के संबंध में जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता निलेश रामटेके ने बताया कि वर्तमान में 15 गेट खोले गए हैं और अत्याधिक वर्षा एवं मोंगरा बैराज से पानी छोड़ने के कारण नदी का जल स्तर बढ़ने पर शेष गेट नहीं खुल पाया है। सभी गेट खुल जाने से रेत एवं सील्ट बह जाएगा। संग्रहण क्षमता बढ़ने से इसका लाभ गर्मी में समुचित पेयजल सप्लाई के लिए मिलेगा।

उन्होंने दोनों समय पेयजल सप्लाई के विषय पर कहा कि इस गर्मी नदी में जल की कमी के कारण दो दिन में तीन समय पेयजल सप्लाई की जा रही है। नदी में पानी के संग्रहण के आधार पर बहुत जल्द शहर में दोनों समय पेयजल आपूर्ति की जाएगी।



### पेयजल आपूर्ति बाधित न हो

महापौर श्री यादव ने कहा कि जल संयंत्रगृह में आवश्यक सामग्री फिटकरी, ब्लीचिंग, क्लोरिन गैस का पर्याप्त भंडारण रखे। इसके अलावा आवश्यक उपकरण भी रखना सुनिश्चित करें। इंटकवेल में कचरा फंसने पर उसे तत्काल निकाले। जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित न हो।

### सिनेमा लाइन स्थित ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग

**राजनांदगांव।** राजपूत समाज के अध्यक्ष अजय सिंह परिहार ने सिनेमा लाइन स्थित ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि शहर में अतिक्रमण हटाया जा रहा है, किन्तु सिनेमा लाइन में स्ट्रीट टांसफार्मर जो स्वयं के दुकान के सामने स्थित है, उक्त ट्रांसफार्मर स्व-अतिक्रमण बन चुका है। कई बार आग लग चुका है, दुर्घटना घट चुकी है, जो रोड मार्ग के मध्य स्थित है। उक्त संबंध में विद्युत विभाग से मांग की जा चुकी है, किंतु आज दिनांक तक नहीं हटाया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सांसद, विधायक, महापौर व क्षेत्रीय पार्षद को पत्र लिखा जा चुका है।



## चालीस पौवा शराब जब्त, युवक गिरफ्तार

**गंडई।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी युवक से 40 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 जुलाई को मुखबीर से सूचना के आधार पर आरोपी को शराब बिक्री करने के लिए बाइक दुकान के सामने रोड पर सफेद चितकबरा रंग के थैला में रखे 40 पौवा देशी प्लेन शराब को रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजहर खान 32 साल साकिन वार्ड नं. 10 पठानपारा गंडई का रहने वाला बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब 40 पौवा कीमती 3200 रुपए जब्त कर आरोपी की गिरफ्तारी की कार्रवाई की। थाना गंडई में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पृष्ठ 11 का शेष

### उज्जैन की तर्ज पर...

फौव्वारा चौक जमातपारा, महाकाल चौक, आजाद चौक, महेशपथ, लोहारपारा, मां काली शक्ति पीठ, बस स्टैंड, भरकापारा विश्राम, 11 अगस्त को यात्रा प्रारंभ मोहड, सिंगदई, हल्दी सिंगोला मां भानेश्वरी मंदिर में मठपारा विश्राम, 31 जुलाई को मोतीपुर, ममता नगर, तुलसीपुर, लेबर कालोनी, संगम चौक तुलतीपुर विश्राम करेंगे। गौरीनगर से भी भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

## जिले में विभिन्न संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित

# गुरुपूर्णिमा पर गुरूजनों को किया नमन

**राजनांदगांव।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शैक्षणिक व विभिन्न संस्था सहित समाजिक संगठनों ने धार्मिक आयोजन कर गुरूजनों को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया।

### पदुमतरा में उत्सव

जिला भाजपा के निर्देशानुसार तिलई मंडल के ग्राम पदुमतरा में गुरूपूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ठ कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया है। जिसमें चित्रलेखा साहू, मुकेश शर्मा, गोपीराम साहू, आत्माराम साहू का श्रीफल, गमछा व तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सभापति शिला सिन्हा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा, जनपद सदस्य ललिता साहू, मुकेश शर्मा शिक्षक, गोपीराम साहू व मलिखम कोसारे ने हमारे जीवन पर गुरु का क्या महत्त्व है, इस विचार पर उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में राकेश साहू, उपाध्यक्ष शेखर यद्ु, राजेशवरी साहू, यशोदा साहू, पुष्पालता, चित्रलेखा साहू, गोपीराम साहू, आत्माराम साहू, टाकेश सिन्हा, मोहन साहू, छबिलाल साहू, खुदराम वर्मा, पूनम देवगन, विक्की साहू, संजय साहू, नारद साहू, तोरनलाल साहू, लालूप्रसाद साहू उपस्थित रहे।



### शिष्यों ने किया सम्मान

गुरु पूर्णिमा अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते अंचल के कवि शिष्यों द्वारा अपने साहित्यिक गुरु आत्माराम कोशा का भावपूर्ण सम्मान किया। कथाकार मानसिंह मौलिक ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर अंचल के कवि मित्रों सहित लोक कलाकारों ने साहित्यकार आत्माराम कोशा का शाल ओढ़ाकर तथा श्रीफल व मिष्ठान प्रदान कर सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद ग्रहण की। इस अवसर पर श्री कोशा ने अपने कवि शिष्यों को अपने अंचल की लोक संस्कृति, बोली भाखा, रीति-रिवाज की अक्षणुता बनाए रखने व देश, समाज के रचनात्मक कार्यों पर सतत कलम चलाते रहने की प्रेरणा दी। छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के सचिव श्री मौलिक ने बताया कि कोशा इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित यज्ञ-हवन कार्यक्रम में उपस्थित थे। शिष्यों ने गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ जयंती भाई पटेल आदि की उपस्थिति में श्री कोशा का सम्मान किया। इस अवसर आनंदराम सार्वा, मानसिंह मौलिक, पवन यादव, शैलैश गुप्ता, गायक, वासुदेव हिरवानी, गोपाल साहू, डॉ. दुलेश्वर, लेखेद्र साहू, अंजनी कोशा, जयंती साहू, ओमप्रकाश व अन्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मानसिंह मौलिक ने दी।



### शिक्षा से बदलाव का लिया संकल्प

अंबागढ़ चौकी-मोहला-मानपुर जिले के टोलागांव ब्राम्हणभेड़ी में विजन निःशुल्क कोचिंग संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव में गुरुजनों को नमन किया गया। साथ ही शिक्षा के माध्यम से गांव एवं आसपास के क्षेत्रों को बदलने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर नवोदय, प्रयास, एकलव्य, उत्कृष्ट विद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं हेतु निःशुल्क विशेष कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने भक्ति गीतों, कविताओं और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरू की महिमा का बखान किया, लेकिन उनके चेहरे पर एक और चमक व आशा थी। इस अवसर पर संस्थान के नीलकंठ कोमरे, मनोहर लाल पिथौरा, भजनलाल साहू, राजू निर्मलकर, किरण मंडावी, प्रफुल्ल भंडारी, रामप्यारा निषाद, रामचंद्र निर्मलकर, अंजोरीराम कोमरे, रामदास साहू, मंदराजी भुआर्य, नेहा कोमरे समेत अन्य लोग शामिल थे।



### जीवन देता है गुरू

नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई) मोहड़ में गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी ने कहा कि गुरू के कार्यों का हर हाल में हमें अनुशरण करना चाहिए। 'गुरू' कल्पवृक्ष के समान होते हैं। जिसकी छाया में विद्यार्थी के सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी ने कहा कि 'गुरू' सर्वोच्च शक्ति संपन्न होते हैं। उनकी यह शक्ति योग्य शिष्य को ही स्थानांतरित होती है, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को योग्यता हासिल करनी चाहिए। प्राचार्य अंजुम जहान ने गुरू के महत्त्व पर प्रकाश डाला। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, कुंतल बाजपेयी एवं प्रशासक जी. राम सिन्हा ने विद्यार्थियों को गुरूपूर्णिमा पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने किया। यह जानकारी घनश्याम तिवारी ने दी।



टीचर की आवश्यकता है
सरदार पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल कुंडा (पंडरिया) में कक्षा 9 वी से 12 वी कक्षा के लिए अंग्रेजी की अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाओं (Teacher) की आवश्यकता है।
संपर्क करें
99818 82533, 80102 02032

online Booking:-www.tripuryatra.com


रिजर्वेशन कोच
13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years

### कलेक्टर ने पिपरिया तहसील में राजस्व शिविर का निरीक्षण किया

# राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध, पारदर्शी व त्वरित निराकरण करें : अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के स्पष्ट निर्देशों पर कार्य करते हुए कबीरधाम जिले में राजस्व समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पिपरिया तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में प्राप्त हर एक आवेदन की गहन जांच की जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि पूर्ववर्ती लंबित प्रकरणों को अलग छाँटकर नवीन आवेदनों का पृथक रूप से पंजीयन किया जाए। यदि किसी आवेदन में आवश्यक दस्तावेज अधूरे हों, तो आवेदकों से तत्काल संपर्क कर उन्हें प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए, ताकि जनता को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाया जाए, सभी प्रक्रिया पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ की जाए, जिससे शासन पर जन विश्वास बना रहे। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व सेवाएं जैसे आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा, फौती, सीमांकन, त्रुटि सुधार आदि गांवों तक पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए शिविरों को एक प्रभावी माध्यम के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि आवेदकों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें इसका पूरा ख्याल रखा जाए।

#### तीन राजस्व सर्किल, 339 आवेदन, डिजिटली स्क्रूटनी चालू




पिपरिया तहसील अंतर्गत पिपरिया, मरका और दशरंगपुर राजस्व निरीक्षक सर्किलों में आयोजित विशेष राजस्व शिविरों में कुल 339 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से राजस्व निरीक्षक मंडल दशरंगपुर अंतर्गत आय, जाति, निवास के 74, बंटवारा के 05, फौती के 16, किसान किताब के 6, नक्शा बटांकन के 02, त्रुटी सुधार के 17 और 7 अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। इसके साथ ही राजस्व निरीक्षक मंडल पिपरिया अंतर्गत आय, जाति, निवास के 23, बंटवारा के 4, फौती के 5, किसान किताब के 5, त्रुटी सुधार के 32 आवेदन प्राप्त हुए है। राजस्व निरीक्षक मंडल मरका अंतर्गत आय, जाति, निवास के 35, बंटवारा के 03, फौती के 05, किसान किताब के 2, नक्शा बटांकन के 06, त्रुटी सुधार के 18, सीमांकन के 1 और 7 अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि कबीरधाम जिले की सभी 8 तहसीलों के 26 निरीक्षण सर्किलों में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें अब तक 2025 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1123 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा चुका है और 882 आवेदन प्रक्रिया में हैं। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई से 29 अगस्त तक पुनः जिले के सभी 24 सर्किलों में राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

#### 23 जुलाई से 29 अगस्त तक आयोजित शिविरों में मिलेगा अनेक लाभ

उपमुख्यंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पूरे जिले भर में आगामी 23 जुलाई से 29 अगस्त तक विशेष राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि इस शिविर में अनेक लाभ ग्रामीणों, किसानों और अभिभावको को मिलेगा। जिले के सभी 24 राजस्व निरीक्षक कार्यालय मुख्यालयों में यह शिविर लगेगा, जिसमे राजस्व से संबंधित आवेदनों के साथ साथ आयुष्मान कार्य, आधार कार्य नवीनीकरण, अपडेट किया जाएगा, साथ ही इस शिविर में किसान भाई अपने एग्री स्टेट से पंजीयन भी किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि शैक्षणिक प्रयोजन हेतु आवश्यक आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों में किसी भी विद्यार्थी या अभिभावक को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेज में प्रवेश, छात्रवृत्ति, परीक्षाओं आदि के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र समय सीमा में और सरलता से जारी किए जाएं।

# जमीन बंटवारे को लेकर टंगिया से प्राणघातक हमला आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 09 जुलाई 2025 को प्रार्थी अश्वन साहू पिता भगत साहू आयु 26 वर्ष निवासी खडौदा खुर्द चौकी बैजलपुर थाना बोड़ला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसी दिन दोपहर लगभग 4 बजे ग्राम बडौदा खुर्द निवासी सुरेश साहू पिता तिजउ साहू आयु 32 वर्ष ने जमीन बंटवारे के विवाद पर मुतर्जर झाडूराम साहू पिता समारू साहू आयु 65 वर्ष पर धारदार टंगिया से जान से मारने की नीयत से सिर पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक के पर्यवेक्षण में थाना बोड़ला एवं चौकी बैजलपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के एक गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। रिपोर्ट के आधार पर थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 112/2025 धारा 307 भारतीय दंड संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। घायल झाडूराम साहू का चिकित्सकीय परीक्षण सीएससी बोड़ला में कराया गया। प्रकरण में घटनास्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा एवं गवाहों के कथन लिए गए। आरोपी को तलब कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त एक टंगिया जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी सुरेश साहू को दिनांक 10 जुलाई 2025 को समय लगभग 2:30 बजे विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारी की सूचना आरोपी की पत्नी सविता साहू को दी गई। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में मारपीट एवं प्राणघातक हमलों जैसे गंभीर अपराधों पर तत्काल सख्त कार्यवाही की जा रही है। जनसुरक्षा के दृष्टिकोण से ऐसे मामलों में कठोर कदम उठाना प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### कोलेगांव में गुरु पूर्णिमा पर किया पौधारोपण

**कोलेगांव।** विकासखंड



पंडरिया की ग्राम कोलेगांव निवासी हरिभूमि संवाददाता दिनेश पांडे शैलेंद्र पांडे बवना यादव के द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर अपने गुरु का विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। गुरु के बिना जीवन में आगे बढ़ना संभव ही नहीं है इसलिए गुरु बनाना ही चाहिए और गुरु का पालन करना चाहिए गुरु का आज्ञा का पालन करना चाहिए गुरु ही ब्रह्म विष्णु महेश है गुरु के बिना जीवन व्यर्थ है इसलिए हम सब को गुरु बनाना चाहिए और गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए गुरु हमेशा अपने शिष्य को सही मार्ग बताते हैं इसलिए गुरु का हमेशा आदर करना चाहिए इसलिए हम आज संकल्प लेकर गुरु के चरणों को प्रणाम करते हुए गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर कटहल का पौधा लगाये।

# पिता-पुत्र शराब बेचते गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत कबीरधाम पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह आईपीएस के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में तथा सहसपुर लोहारा एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में चौकी रणबीरपुर पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पिता-पुत्र को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। 09 जुलाई 2025 को रात्रि लगभग 8:30 बजे ग्राम धोर्ली स्थित मैदान के पास पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति गोवा स्पेशल एवं देशी प्लेन शराब बेच रहे हैं। सूचना की तस्दीक उपरांत पुलिस द्वारा दबिश देकर दोनों आरोपियों को मौके पर पकड़ा गया। पूछताछ में वे आपस में पिता-पुत्र निकले। मौके से कुल 10 पौवा गोवा स्पेशल और 12 पौवा देशी प्लेन शराब तथा 360 रूपये नगद शराब बिक्री की राशि बरामद की गई। इस पर चौकी रणबीरपुर, थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 147/25 धारा 34(1)(ख) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त, उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 170, 126, 135(3) के तहत पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई। इस पूरी कार्रवाई में चौकी प्रभारी रणबीरपुर उप निरीक्षक सिकंदर कुर्रे एवं उनकी टीम की सतर्कता, साथ ही जिले के साइबर सेल की निरंतर निगरानी उल्लेखनीय रही। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल-112 पर दें। सूचना देने वालों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# कवर्धा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ स./लोहारा

पीजी महाविद्यालय में जिला निर्वाचन कार्यालय कबीरधाम के निर्देशानुसार एक दिवसीय मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.नरेंद्र कुमार कुलमित्र के संयोजन तथा बी एल ओ हनुमान बंजारे के सहयोग से किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा किए जा रहे नवाचार का प्रचार प्रसार करना था। शिविर में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नव प्रवेशित स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 वितरण किया गया तथा वोटर हेल्पलाइन एप्प से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ऋचा मिश्रा ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व को रेखांकित किया साथ ही उपस्थित मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्ष एवं अनिवार्य रूप से भाग लेने हेतु शपथ दिलाया। महाविद्यालय के मतदाता विद्यार्थियों को जिला निर्वाचन कार्यालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक इंस्टाग्राम एक्स व्हाट्सएप में क्यूआर कोड के माध्यम से फॉलो करने के लिए निर्देशित किया गया।

शिविर में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक दीपक देवांगन, डॉ अनिल शर्मा,मुकेश कांबले, संतोष साहू,आकांक्षा वर्मा, डॉ.सीमा मंडावी, डॉ. कविता कन्नौजे, डॉ जय मेहरा, लेफ्टिनेंट भानु प्रताप सिंह तथा समस्त कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छात्रों को बांटी गई किताबें




हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

7 जुलाई सोमवार को फ्यूचर फाउंडेशन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल बरबसपुर में बच्चों को निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें अतिथि के रूप में संकुल समन्वयक बरबसपुर मुरली झारिया, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बरबसपुर फागूराम डिण्डोरे, प्राचार्य फ्यूचर फाउंडेशन एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल राकेश भट्ट, उप प्राचार्य दीपक कुमार, शिक्षकगण - आशीष कुमार, सावेंद्र, नंदनी लता, सभी उपस्थित थे। वही डिंडोरे ने बच्चों को अपना आशीर्वाद और पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किये। संकुल समन्वयक झरिया ने भी स्कूल के सभी स्टाफ को बच्चों को सही गाइडलाईन से पढ़ाने के लिए मार्गदर्शित किए। बच्चों को अपना मन लगाकर पढ़ने और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए कहा।

### धनेली के प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव मना



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम भगतपुर के आश्रित ग्राम धनेली के शासकीय प्राथमिक शाला मे प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच कपिल चंद्राकर के द्वारा विधि विधान से मां सरस्वती का पूजा अर्चना किया गया एवं बच्चो को गुलाल लगाकर मीठा खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया और साथ ही साथ स्कूल में बालक बालिकाओं को ड्रेस पाठ्य पुस्तक दिया गया जिसमे मुख्य अथिति के रूप मे ग्राम पंचायत भगतपुर के सरपंच कपिल चंद्राकर उमेंद चंद्रवंशी दिलीप चंद्रवंशी शिक्षक मधुर चंद्रवंशी भारती तिवारी शशि चंद्रवंशी एवं समस्त ग्राम वाशी उपस्थित रहे।

### कंझेटा हायर सेकंडरी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाए गए पौधे



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में गुरु पूर्णिमा एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सु श्री नेहा उके, नायब तहसीलदार कुंडा, विशिष्ट अतिथि राजा सिंह राजपूत रहे, प्राचार्य संजय वैष्णव के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत इको क्लब के छात्र-छात्राओं, उनके माताएं व जनप्रतिनिधियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया, नेहा उके के द्वारा छात्र छात्राओं, पालकों एवं ग्रामीणजन को पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण का महत्व बताया गया एवं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय संस्कृति में गुरु का महत्व बताया कि जैसे वृक्षों को वृद्धि के लिए जल और उर्वरा की जरूरत होती है वैसे ही विद्यार्थी जीवन में शिक्षा व संस्कार के लिए गुरु का महत्व होता है। इस कार्यक्रम में शाला समिति के अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, डॉक्टर परस चंद्रवंशी, अमरनाथ, मुरली चंद्रवंशी, डाकोर साहू, बबलू चंद्रवंशी एवं विद्यालय स्टाफ से मोहन शर्मा, अर्जुन चंद्रवंशी, शिवानी मेडम, जलेश्वर साहू, परमेश मरावी, नरेश ठाकुर , गंगेश्वर सहित अधिक संख्या उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ छात्रों ने दी भाषण एवं कविता की प्रस्तुति

# अभ्युदय स्कूल में गुरु पूर्णिमा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के नाम से जानते हैं। इसके साथ ही आज के दिन महाभारत और पुराणों के रचयिता महर्षि वेदव्यासजी का जन्म हुआ था। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल में गुरु पूर्णिमा के पुनीत अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर श्रद्धेय शिक्षक-शिक्षिकाओं को श्रीफल और पान-सुपाड़ी प्रदान कर तिलक लगाकर वंदन किया गया। विद्यालय के कबीर सदन के विद्यार्थियों द्वारा गुरु की महत्ता एवं उनके कार्यशैली को लेकर बहुत ही मार्मिक प्रहसन प्रस्तुत कर सभागार को गुरु के प्रति आदर और सम्मान के भाव से रोमांचित कर दिया।इसके अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भाषण एवं कविता भी प्रस्तुत किए गये जिससे पूरा अभ्युदय परिसर आध्यात्मिक वातावरण में भाव - विभोर हो गया । इस आयोजन में विशेष रूप से विद्यालय के उप-प्राचार्य श्री एफ. आर. खान सर एवं प्रभारी प्राचार्या श्रीमती रीता मैडम की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों ने अपने प्रेरणास्पद वक्तव्यों में विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन और विनम्रता जैसे मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।अंत में संस्था अकादमिक प्रमुख श्रीमति व्ही. शोभा जी ने वक्तव्य में गुरु और माता-पिता के प्रति कृतज्ञता भाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें सदैव इनके प्रति स्नेह,समर्पण और अपनत्व का भाव जताना चाहिए एवं उनके सम्मान में निश्छल,निष्कपट भाव से आभार व्यक्त करना चाहिए और इसके साथ उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# कांवड़ यात्रा के लिए बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



श्रावण मास के पावन अवसर पर आगामी 14 जुलाई से प्रारंभ होने वाली भोरमदेव पदयात्रा एवं अमरकंटक से डोंगरिया, भोरमदेव और बुढ़ामहादेव तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा को सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु कबीरधाम पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) ने आज नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं बोल बम समिति तथा विभिन्न हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ यात्रा संबंधी आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, ठहराव, चिकित्सा सहायता, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई सहित विभिन्न बिंदुओं पर निर्णय लिए गए। संगठनों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया एवं शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण यात्रा संचालन का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि यात्रा मार्गों पर यातायात नियंत्रण के लिए ट्रैफिक कंट्रोल प्वाइंट्स बनाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए यात्रा मार्ग में अतिरिक्त पुलिस बल, होमगार्ड्स एवं स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, मार्किंग के माध्यम से मार्गदर्शन और सावधानी संबंधी सूचनाएं दी जाएंगी, तथा चार बाइक पेट्रोलिंग टीमों को भी लगातार गश्त पर रखा जाएगा जिससे मार्ग में कहीं भी सहायता तुरंत पहुंच सके।

## खबर संक्षेप



### सरोधादादर में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**चिल्फीघाटी।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय सरोधादादर में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चे शिक्षक पालक आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मां सरस्वती की पूजा करने के बाद बच्चों एवं पालकों के द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। प्रधान पाठक रतन देव, सुनील गुप्ता, सिया देवी ने गुरु पूर्णिमा पर बताया कि हम सभी को अपने गुरु की पूजा करना चाहिए क्योंकि गुरु ही मार्ग दर्शक होते हैं, गुरु का स्थान हमेशा ऊपर होता है, गुरु ही हमें ज्ञान देते हैं और उनके आशीर्वाद से सब का कल्याण होता है।

### पदस्थापना काउंसिलिंग 14 जुलाई को दुर्ग में

**चिल्फीघाटी।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा वर्ष 2022, 2023 एवं 2025 में पदोन्नत छात्रावास अधीक्षकों की पदस्थापना के लिए संभाग स्तरीय काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति विकास विभाग के निर्देशों के तहत समस्त जिलों से रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त कर वरिष्ठता सूची तैयार की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह काउंसिलिंग 14 जुलाई 2025 को दोपहर 12 बजे से संभागीय कार्यालय, आयुक्त, दुर्ग संभाग, उद्योग नगर, दुर्ग में आयोजित की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वरिष्ठता सूची और रिक्त पदों की सूची को कार्यालय एवं जिले की वेबसाइट पर 11 जुलाई 2025 तक प्रकाशित करें, ताकि संबंधित कर्मचारी निर्धारित तिथि तक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। काउंसिलिंग के लिए सभी पात्र अधिकारियों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# नगर सहित अंचल में आज से गूंजेगा ओम नमः शिवाय, श्रावण मास में शिवभक्ति की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हिन्दी वर्ष के पूरे बारहों महीनों में मनुष्य का संबंध देवी-देवताओं से रहा है। इन्हीं बारह महीनों में एक महीना सावन का होता है जो भगवान शिव को अर्पित है। शिव को अर्पित सावन का महीना इस वर्ष 11 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है। हर बार की इस बार भी धर्मनगरी कवर्धा सहित जिले के शिवभक्त श्रावण मास में अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ की भक्ति के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। अंचल के शिवालयों में भी श्रावण मास को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। गौरतलब है कि भगवान शिव को समर्पित श्रावण मास के महिने में वैसे तो सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ जुटती है लेकिन कबीरधाम अंचल की बात की जाए तो यहां कवर्धा के पंच मुखी बुढ़ा महादेव मंदिर, भोरमदेव मंदिर तथा स्वयं भू जालेश्वर महादेव डोंगरिया में पूरे श्रावण मास पर भक्तों का रैला देखने को मिलता है। इस शिवालयों में जहां शिवभक्तों की भारी भीड़ जुटती है वहीं हजारों की संख्या में यहां कांवड़िया भी मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंट से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा करते हुए यहां पहुंचते हैं और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। यहीं वजह है कि इन शिवालयों में मंदिर समिति के साथ ही प्रशासन को विशेष तैयारियां करनी पड़ती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शासन प्रशासन ने शिव भक्तों के साथ कांवड़ियों की ऐसी भीड़ का अनुमान लगाते हुए इन तीनो शिवालयों में विशेष व्यवस्थाएं की गई है। जिसमें आने वाले श्रृद्धालुओं की संख्या के अनुमान में कतार की व्यवस्था, कांवरियों के रूकने, भोजन, पानी, सुरक्षा, उपचार आदि की व्यवस्थाएं की गई है।

### शिवालयों के सामने लगाता है मेला



यहां बताना लाजिमी होगा कि सावन के पहले दिन से ही मंदिर के बाहर पूजन सामग्री की दुकानें सज जाती हैं। जहां श्रद्धालुओं को नारियल, अगरबत्ती, फूल, बेलपत्ती सहित दूसरी पूजन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। शुक्रवार से प्रारंभ हो रहे श्रावण मास को ध्यान में रखते हुए इन दुकानदारों ने भी मंदिरों के बाहर अपनी-अपनी जगह आरक्षित कर ली है जहां अब वे पूरे श्रावण मास पर दुकान सजाएंगे। इस तरह का नजारा नगर के पंच मुखी बूढ़ा महादेव मंदिर, भोरमदेव मंदिर सहित जालेश्वर महादेव घाट डोंगरिया में देखने को मिलता है और इन शिवालयों में मेला सा माहौल पूरे श्रावण मास भर बना रहता है। वहीं श्रावण मास के सोमवार के दिन तो यहां का माहौल देखने लायक होता है।

### भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन 14 जुलाई को

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के पवित्र महिने में जिला प्रशासन के सौजन्य से भोरमदेव पदयात्रा का भव्य आयोजन श्रावण मास के प्रथम सोमवार यानी 14 जुलाई को किया जा रहा है। पदयात्रा संबंधी तैयारियों में प्रशासन सहित कवर्धा के सभी संगठन व जुटे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक भोरमदेव पदयात्रा श्रावण मास के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को स्थानीय पंचमुखी बुढ़ा माहदेव से गाजे-बाजे तथा ऊं नमः शिवाय के जय घोष के साथ निकाली जायेगी। जिसमें शिव भक्तों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा स्कूली विद्यार्थियों के शामिल होने संभावना है।

**समस्या:** विभाग व ठेकेदार की कार्यप्रणाली लोगों के लिए बनी सिरदर्द

# ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक सड़क निर्माण में लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर के ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक 11 करोड़ रूपए की लागत से बन रही 4.20 किलो मीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य में संबंधित विभाग और उसके ठेकेदार द्वारा बरती जा लेटलतीफी के चलते भरी बारिश के इस सीजन में क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग के साथ शासन-प्रशासन से निर्माण कार्य को व्यवस्थित ढंग से तथा तेज गति से कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों का आरोप है कि संबंधित विभाग और उसके ठेकेदार द्वारा महज 4.20 किलो मीटर की इस सड़क निर्माण में भारी लेटलतीफी की जा रही है। उन्होने बताया ठेकेदार द्वारा बारिश के पूर्व ही सड़क को खोद दिया गया था और सड़क के दोनो और नाली निर्माण के लिए विशाल गड्ढे किए गए है। जिनका कांक्रीटीकरण अब तक नहीं हो पाया है। अब बारिश प्रारंभ हो चुकी है और इस स्थिति में जहां खोदी गई सड़क दलदल में तब्दील हो गई है वहीं नालियों के लिए खोदे गए गड्ढों में बारिश का पानी भर रहा है। लोगों ने बताया कि नाली के लिए गड्ढे खोदाई के दौरान लोगों के सेप्टिक टेंक भी क्षतिग्रस्त हुए हैं, पाईप लाईन फूटी है। हालांकि पाईप लाईन तो दुरूस्थ करा दी गई है लेकिन सेप्टिक का गंदा पानी इन गड्ढो में जाम हो रहा है और अधिक बारिश होने की स्थिति में गड्ढों में भरा गंदा पानी उनके घरों में घुस रहा है। जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ खोदी गई सड़क बारिश के बाद चलने लायक नहीं रह गई है पूरी सड़क कीचड़ से लथपथ हो चुकी है जिससे स्कूली छात्रों, व्यापारियों, यात्रियों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी इस मार्ग में अवागमन करने में भारी पेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग तथा प्रशासन से व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने तथा निर्माण को शीघ्र पूर्ण कराए जाने की मांग की है।

### किसी की नही सुन रहा विभाग व ठेकेदार



यहां बताना लाजिमी होगा कि इस निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण जिला कलेक्टर से लेकर कवर्धा विधायक व मंत्री विजय शर्मा भी हफ्तों पहले कर चुके हैं और लोगों की समस्याओं को महसूस कर संबंधित विभाग तथा उसके ठेकेदार को आवश्यक उपकरण बढ़ाकर कार्य को तेजी से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दे चुके हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि संबंधित विभाग ने इन औहदेदारों के निर्देशों पर कोई अमल नहीं किया। जिसके चलते निर्माण अब भी कछुआ गति से चल रहा है। जिसका खामियाजा लोगों को कई रूपों में भुगतना पड़ रहा है।

# पांच अलग-अलग आपराधिक मामलों में पांच आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने बीते बुधवार को अवैध शराब, जुआ, सट्टा के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए पांच अलग-अलग मामलों में छापामार कार्यवाही कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने कवर्धा के रविदास मंदिर के पास प्रधान आरक्षक सैय्यद वसीम अली की टीम ने सट्टा पट्टी लिखते हुए दुर्गेश बाधेकर उम्र 28 को धरदबोचा। आरोपी के पास से 590 रुपए नगद, दो सट्टा पर्चियां और एक डॉट पेन बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध जुआ अधिनियम की धारा 06 के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी प्रकार ग्राम भागूटोला में भगऊ जायसवाल के कब्जे से पुलिस ने 15 पौवा देशी प्लेन शराब (2.700 बल्क लीटर) और 250 रुपए नगद बरामद किया। आरोपी के पास शराब से संबंधित वैध दस्तावेज न होने पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। कवर्धा कोतवाली पुलिस ने ग्राम महराजपुर मेन रोड पर आरोपी सुखम बाई उम्र 50 को अवैध ढंग से शराब बिक्री करते पकड़ा। आरोपी है कि सुखम बाई अपनी दुकान के सामने रेत में शराब छिपाकर बेच रही थी। पुलिस ने आरोपिया के पास से 3.060 बल्क लीटर शराब (17 नग पौवा सवा शेरा व रोमियो ब्रांड बरामद कर आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) में गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार प्रधान आरक्षक जयहिंद चौबे की टीम ने भागूटोला स्थित सुधा देवी सरस्वती शिशु मंदिर रोड पर देव उर्फ देवकुमार साहू को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के पास 530 रुपए नगद, दो सट्टा पर्चियां और एक डॉट पेन जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# सोनपुरी (गुड़ा) सेवा सहकारी समिति में किसानों की समस्याओं पर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनपुरी (गुढ़ा) स्थित सेवा सहकारी समिति में गुरूवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने क्षेत्र के किसानों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के प्रयास किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं खेती-किसानी से जुड़ी किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करना था। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू सहित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने समिति पहुंचकर किसानों के साथ चर्चा की। किसानों ने खाद एवं बीज की समय पर उपलब्धता, बारिश की अनियमितता, कीटनाशकों की गुणवत्ता और सरकारी योजनाओं की जानकारी न मिलने जैसी कई समस्याएं रखीं। इन विषयों को गंभीरता से सुनते हुए उपस्थित प्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया कि इन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सभी प्रतिनिधियों ने सेवा सहकारी समिति में उपलब्ध खाद-बीज की स्थिति की समीक्षा करते हुए समिति प्रबंधन को यह निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देने एवं समय-समय पर मार्गदर्शन करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित चतुर साहू पूर्व मंडल महामंत्री, रूपेंद्र सिन्हा सभापति, जनपद पंचायत कवर्धा, कृष्णा साहू महामंत्री, भाजपा युवा मोर्चा, रामेश्वर साहू सरपंच, तामेश्वर साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि, भिखाम सिन्हा, भास्कर चंद्राकर, नीलू धुर्वे जनभागीदारी अध्यक्ष, डॉ. अरविन्द साहू एवं रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

## बिहान योजना : महिला समूह को लाखों के लोन की मिली स्वीकृति



**कवर्धा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना एवं इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा कवर्धा के द्वारा ग्राम पंचायत भागुटोला में लोन कैम्प का आयोजन कलेक्टर गोपाल वर्मा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आज आयोजित किया गया। कैम्प में विकासखंड स लोहारा एवं कवर्धा के स्व सहायता समूह के सदस्यों को लखपति परियोजना के तहत कुल 20 सदस्यों को 15 लाख रुपए का व्यक्तिगत ऋण स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही 14 स्व सहायता को 40 लाख 50 हजार रुपए का आतिरिक्त ऋण वितरण किया गया। ऋण वितरण के दौरान परियोजना अधिकारी विनोद अहीरवार, लेखा अधिकारी भानु प्रताप नेताम एवं जलि कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम जय कैवर्त्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान स्व सहायता समूह के सदस्यों को अधिक से अधिक आजीविका गतिविधि का संचालन करते हुए परिवार के आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए महिला समूह के सदस्यों को प्रेरित किया गया। लोन कैंप के दौरान कुल 55 लाख 50 हजार रुपए का ऋण ग्रामीण महिलाओं को वितरित किया गया। लोन कैम्प के आयोजन में साधन संस्था का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान इंडियन ओवरसीज बैंक के शाखा प्रबंधक श्री सुनील के द्वारा स्व सहायता समूह के सदस्यों को अस्वस्थ किया गया कि ग्रामीण महिलाओं के उत्थान आजीविका संवर्धन एवं आत्मनिर्भर होने की दिशा में बैंक लगातार आर्थिक सहयोग के लिए तत्पर है।

# गुरुपूर्णिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने गौरकापाधाम में किया गुरुपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान




गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर अंचल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गौरकापा में जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महंत विवेकगिरी महाराज के पद पखार कर नमन करते हुए पूरे भक्ति भाव से गुरुपूजन किया।

वहीं प्रदेश भाजपा संगठन के आह्वान पर आज यहां कवर्धा जिला भाजपा के अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के द्वारा भी दुल्लापुर (बाजार) मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर के थानापति महंत विवेक गिरी महराज का विधिवत पूजन के साथ साल व श्रीफल भेंट कर चरण वंदन किया गया।

गुरूपूर्णिमा के अवसर पर गुरूवार को गौरकापाधाम में दिनभर भक्तों का आना जाना लगा रहा। इस अवसर पर दुल्लापुर मंडल अध्यक्ष फलित राम साहू, जयराम साहू, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य चंद्रकुमार सोनी, श्रवण गिरी गोस्वामी, शिवनंदन पांडेय, रोहित भास्कर, (पूर्व मंडल अध्यक्ष) श्रीमति नंदनी साहू (अध्यक्ष जनपद पंचायत पंडरिया) राजकुमार यादव (सोसाईटी अध्यक्ष), संतोष साहू, भानसिंह पद्राम (उपाध्यक्ष), विकास तिवारी, स्वतंत्र तिवारी, महेश यादव (महामंत्री) सुखदेव धुर्वे, स्वारथ साहू (जनपद सदस्य प्रतिनिधि), राजेन्द्र साहू (सोसाइटी अध्यक्ष) रामअवतार साहू, थानू राम साहू कवंल भारती तथा पोखराज सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की ग्राम पंचायतों से ली गई जानकारी

# राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कबीरधाम जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण करने राज्य सलाहकार श्रीमती अभिलाषा आनंद ने आज जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लास्टिक प्रबंधन इकाइयों एवं मॉडल ग्रामों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती आनंद ने ग्राम पंचायत बिरकोना एवं बेन्दरची में महिला स्व-सहायता समूहों के साथ बैठक कर घर-घर कचरा संग्रहण की प्रक्रिया एवं उसमें आ रही समस्याओं की जानकारी ली। महिला समूहों ने इस कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी की विस्तृत जानकारी साझा की और साथ ही विभिन्न स्तरों पर आने वाली चुनौतियों से भी अवगत कराया। राज्य सलाहकार ने समूहों से यह भी जानकारी ली कि उन्हें निर्धारित प्रोत्साहन राशि नियमित रूप से प्राप्त हो रही है या नहीं। महिला समूहों को स्वच्छता कार्यों के दौरान स्वयं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई। श्रीमती आनंद ने उन्हें मास्क, ग्लव्स, जूते और एप्रन पहनकर ही कचरा संग्रहण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यों में संलग्न महिला समूहों की सुरक्षा और गरिमा सर्वोपरि है। इसके अतिरिक्त, फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की प्रगति की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायत दशरंगपुर को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। राज्य सलाहकार श्रीमती आनंद द्वारा प्लांट परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत मजगांव में प्लास्टिक प्रबंधन इकाई का निरीक्षण भी किया। प्लास्टिक अपशिष्ट के सुचारू प्रबंधन हेतु उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को स्थानीय कबाड़ी विक्रेता से लिंकेज स्थापित करने तथा यूनिट के सतत संचालन के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य सलाहकार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत समुदाय की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों से अपील की कि वे मिशन के उद्देश्यों को सफल बनाने के लिए नियमित निगरानी एवं नवाचारों को अपनाएं।

## गुरु पूर्णिमा पर प्रमुख प्राथमिक शाला में पौधा रोपण...



**कवर्धा।** शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला, कवर्धा में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय में पौधरोपण कर गुरूपूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानपाठक सीडी भट्ट द्वारा आम और कटहल के पौधे का रोपण कर किया गया। तत्पश्चात सभी उपस्थितजनों ने विभिन्न औषधीय व छायादार पौधों का रोपण किया, जिसमें नीम, आम, पीपल, गुड़हल एवं अमृता जैसे पौधे सम्मिलित हैं। इस अवसर पर प्रधान पाठक सीडी भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं होते, बल्कि वे जीवन को दिशा देने वाले प्रेरणास्रोत होते हैं। इसी प्रकार वृक्ष भी हमारे जीवन के आधार हैं। आज के इस पावन पर्व पर पौधरोपण कर हम अपने गुरुओं के प्रति सम्मान के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा का संकल्प भी लेते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गुरुओं के सम्मान में कविता पाठ, भजन तथा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें गुरुओं के प्रति कृतज्ञता की झलक स्पष्ट रूप से देखने मिली। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक संतोष यादव, टोमन ध्रुव, गायत्री मोहले, पोखराज साहू, चेतन दास साहू एवं रजनी वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर एवं पौधों की देखभाल का संकल्प लेकर किया गया। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।